www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 7 मई 2022, शुक्ल पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-24 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

गुस्से में कभी गलत मत बोलो, मूड तो ठीक हो ही जाता है, पर बोली हुई बातें वापस नही आती।

आज बेबाक

कोरोना के खिलाफ जंग में भारत ने जो शानदार सफलता पाई है उसे सारी दुनिया ने सराहा है। चीन के दबाव में काम करने वाले विश्व स्वास्थ्य संगठन को भारत की यह उपलब्धि फूटी आंख नहीं सुहाई है। डब्ल्यू एच ओ ने दुनिया भर में कोरोना से मरने वाले लोगों के जो नए आंकड़े जारी किए है उसमें भारत में कोरोना से मरने वालों की संख्या दस गुना ज्यादा बताई गई है। यह भारत को बदनाम करने की साजिश है। इसका भारत को पुरजोर ढंग से प्रतिरोध करना चाहिए और कोरोना के खिलाफ लड़ाई में डब्ल्यू एच ओ की नाकामियों को दुनिया के सामने उजागर करना चाहिए।

सूर्योदय

उदय : 6.37 प्रात:

अस्त : 7.01 संध्या

जनसंख्या

विश्व :7,945,156,3260

भारत: 1,405,480,300

बाजार

सेंसेक्स : 54835.58

निफ्टी: 16411.30

गोल्ड : 53,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,300 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.26 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	40.6	28.2
बिलासपुर	39.0	27.8
जगदलपुर	36.9	22.5
अंबिकापुर	37.8	25.8

आज का दिवस

कवि गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर जन्मदिवस : 7 मई 1861 के दिन कलकत्ता में रविन्द्रनाथ टैगोर जी का जन्म हुआ था। वह एक प्रसिद्ध कवि, नाटककार, संगीतकार और चित्रकार भी थे। यह एशिया के पहले ऐसे शख्स थे जिन्हें प्रथम नोबेल पुरुस्कार से सम्मानित किया गया था। इन्होने ही भारत के राष्ट्रगान जन गन मन की रचना की थी। इनके जन्मदिवस की याद में प्रत्येक वर्ष 7 मई को रबिन्द्रनाथ टैगोर जयंती मनाते है। बंगाल में उनका जन्मदिवस को बहुत धूमधाम से मनाया जाता है।

सीएम का दौरा : तीसरे दिन सूरजपुर जिले के रघुनाथपुर, गोविंदपुर, केरता पहुंचे

हेलिकॉप्टर में घूमे बच्चे

चंदा व रिया की लौटेगी रौशनी

रिश्वतखोर पटवारी सस्पेंड

पीयूष गुप्ता/रामजी साहू

रामानुजगंज/सूरजपुर/नवप्रदेश। सीएम भूपेश बघेल के प्रदेशरभर में विधानसभा क्षेत्रों के दौरे के तीसरे दिन शुक्रवार की सुबह बलरामपुर-रामानुजगंज में अफसरों की बैठक और आम जनता से मुलाकात व चर्चा के बाद वे सूरजपुर जिले पहुंचे। इस दौरान सीएम का जुदा अंदाज देखने को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ग्रामीणों की शिकायत पर पटवारी सस्पेंड : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रघुनाथनगर की चौपाल में आम नागरिकों की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पटवारी पन्नालाल सोनवानी को निलंबित करने के निर्देश दिए। पटवारी के खिलाफ किसानों से रिश्वत लेने की शिकायतें की गई थी।

बच्चों के साथ गिल्ली-डंडा पर आजमाया हाथ

स्कूल के बच्चों के आग्रह पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनके संग पारंपरिक लोक खेलों में हाथ आजमाया। मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ गिल्ली-डंडा, पिट्ठुल, बाटी खेलकर उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्यमंत्री जब कक्षा में पहुंचे तो बच्चों ने उनसे उत्सुकतावश सवाल किए। मुख्यमंत्री ने बड़ी तसल्ली से सारे सवालों के जवाब दिए।

बच्चों ने खिलाया अपने घर से लाया टिफिन

स्कूल के बच्चों ने मुख्यमंत्री से अपने घर से लाया टिफिन खाने के लिए अनुरोध किया, तो मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अभी नाश्ता करके आया हूं लेकिन बच्चे जिद पर अड़ गए कि हम घर से आपके लिए खाना लेकर आए हैं, तो वे बच्चों की जिद को नहीं टाल सके उन्होंने उनके टिफिन का खाना खाया और खूब तारीफ की।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

रघुनाथनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। वहां इलाज कराने आए मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूछा। उन्होंने रघुनाथनगर स्वास्थ्य केंद्र में नई एक्सरे मशीन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में प्रसूता श्रीमती प्रभादेवी को जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत 1400 रूपए का चेक एवं उनकी नवजात बेटी का जन्म प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।

राजस्व प्रकरणों की ली जानकारी

रघुनाथनगर तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रभारी तहसीलदार से राजस्व प्रकरणों और उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद रघुनाथनगर तहसील का गठन किया गया है। इस कार्यालय के नव निर्मित भवन का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। तहसील के गठन के लिए रघुनाथनगर के नागरिकों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान नगरीय प्रशासन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बाल हठ के सामने झुके मुख्यमंत्री

सीएम प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के रघुनाथनगर पहुंचे। उन्होंने वहां स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों से बड़ी ही आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली। छात्राओं ने मुख्यमंत्री को राजगीत 'अरपा-पैरी के धार' गीत गाकर सुनाया। इस दौरान स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा दूसरी में पढ़ने वाली बच्ची स्मृति ने पूछा मुख्यमंत्री जी मैं हेलीकॉप्टर में कब बैठूंगी, मुख्यमंत्री जी ने कहा कि तुम 12वीं में जब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार ने उठाया नेत्रहीन बहनों के इलाज का बीड़ा

नेत्रहीन बालिकाओं चंदा और रिया के इलाज का बीड़ा उठाया है। मुख्यमंत्री ने रामानुजगंज में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दोनों बच्चियों का इलाज देश के जिस अस्पताल में भी होगा, राज्य शासन उनका पूरा खर्चा वहन करेगी। दिल्ली या चेन्नई जहां जरूरत होगी भेजेंगे। अस्पताल के स्टॉफ के साथ बच्चियों और मां को भेजा जायेगा। कल आरागाही गांव के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में अपनी मां अनति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बग्गा की गिरफ्तारी पर बबाल

पंजाब पुलिस को हरियाणा में रोका, पुलिस ने की पुलिस से पूछताछ

- पंजाब पुलिस से हरियाणा पुलिस ने की पूछताछ,
- दिल्ली में भी हुई एफआईआर
- पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के खिलाफ टिप्पणी करने पर छत्तीसगढ़ में भी बग्गा पर हुई थी एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा की गिरफ्तारी पर हंगामा मचना शुरू हो गया है। उन्हें दिल्ली से गिरफ्तार कर पंजाब ले रही पुलिस को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में पिपली में पेट्रोल पंप पर रोक लिया गया है। फिलहाल हरियाणा पुलिस पंजाब पुलिस से पूछताछ कर रही है। पंजाब पुलिस को बग्गा को शुक्रवार को एक बजे तक मोहाली कोर्ट में पेश करना था। इधर बग्गा की गिरफ्तारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

फिल्म कश्मीर फाइल्स को लेकर केजरीवाल पर रहे हमलावर

विवादित बयानों के चलते बीजेपी नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा के खिलाफ एक अप्रैल को एफआईआर दर्ज की गई थी। उन पर भड़काऊ बयान देने और आपराधिक धमकी के आरोप हैं। इस मामले एफआईआर भी दर्ज की गई है। दरअसल बग्गा, फिल्म कश्मीर फाइल्स को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमलावर रहे हैं। मार्च महीने में कश्मीरी पंडितों के पलायन पर बनी फिल्म कश्मीर फाइल्स को दिल्ली में टैक्स फ्री नहीं किया गया था। इसे लेकर सीएम केजरीवाल ने विधानसभा में एक बयान भी दिया था जिस पर काफी बवाल मचा था। इसी बात पर बग्गा ने ट्वीट करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। तेजिंदर पाल सिंह बग्गा पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली के सीएम केजरीवाल के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया है। उन पर समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांटने का भी आरोप है।

छत्तीसगढ़ में भी दर्ज हुई थी एफआईआर

इससे पहले छत्तीसगढ़ में भी बग्गा के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है, जिसमें बग्गा पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप था। एफआईआर में बग्गा की टिप्पणियों का उल्लेख है, इसमें 30 मार्च को दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास के बाहर भाजपा युवा मोर्चा के विरोध के दौरान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कैलाश विजयवर्गीय का केजरीवाल पर तंज: खंडवा में कैलाश विजयवर्गीय ने सीएम अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा-जब बंदर के हाथ में उस्तरा मिलता है तो वह किसी की भी हजामत करने लगता है।

सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में हिजबुल के दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के ऊपरी इलाके में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के दो सदस्यों को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि पहलगाम के श्रीचंद टॉप पर आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिलने पर सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जैसे ही सुरक्षा बलों की टीम मौके पर पहुंची, आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई के बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये।

सुप्रीम कोर्ट को जल्द मिलेंगे दो नए जज

- एक उत्तराखंड से दूसरे बंबई हाईकोर्ट से आएंगे दिल्ली

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति के लिए कॉलेजियम ने दो जजों के नाम की सिफारिश सरकार को भेजी है। दोनों जजों में से एक जस्टिस सुधांशु धूलिया इस समय गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश हैं, वहीं दूसरे जस्टिस जमशेद बुरजोर पारदीवाला हैं, जो अभी गुजरात हाईकोर्ट में जज हैं।

अगस्त 10 1960 को लैंसडाउन में जन्मे जस्टिस धूलिया उत्तराखंड हाईकोर्ट से हैं और सुप्रीम कोर्ट आने वाले वह उत्तराखंड के दूसरे जज बन गए हैं। इससे पूर्व जस्टिस पीसी पंत सुप्रीम कोर्ट में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दंतेवाड़ा में पुलिस-नक्सली के बीच मुठभेड़

- डीआरजी जवानों ने माओवादियों को घेरा, दोनों तरफ से गोलीबारी जारी

दंतेवाड़ा (ए.)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवानों ने नक्सलियों को घेरा है। मुठभेड़ अभी जारी है। नक्सलियों के बड़े कैडर के जमावड़े की सूचना पर जवान सर्चिंग पर निकले थे। मुठभेड़ की पुष्टि दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने की है।

मिली जानकारी के मुताबिक अरनपुर थाना क्षेत्र के जंगलों में भारी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मठभेड़

एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। जवानों के वापस लौटने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल मुठभेड़ जारी है और दोनों तरफ से रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। डीआरजी के जवानों ने नक्सलियों को घेर लिया है। अब तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

कोरोना मृतकों का सही आंकड़ा देने के लिए सर्वदलीय आयोग गठित करे सरकार : कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना के कारण देश में मारे गये लोगों के बारे में सरकार ने गलत आंकड़ा देकर दुनिया के सामने भारत की छवि को खराब किया है इसलिए उसको अपनी गलती स्वीकार करते हुए इस संबंध में सही आंकड़ा देने के लिए सर्वदलीय आयोग का गठन करना चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता गौरव बल्लभ ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन(डब्ल्यूएचओ) तथा अन्य एजेंसियों ने कहा है कि भारत ने कोरोना से हुई मौतों का गलत आंकड़ा दिया है और भारत दुनिया में दूसरा देश है जिसने कोरोना मृतकों का सही आंकड़ा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ कहता है कि कोरोना के कारण 2020-2021 के दौरान दुनिया में डेढ़ करोड़ लोगों की मौत हुई है। इस दौरान दुनिया में कोरोना के कारण मरने वाला हर तीसरा आदमी भारत में मर रहा था। भारत सरकार कहती है कि एक जनवरी 2020 से 31 दिसम्बर 2021 के बीच कोरोना के कारण देश में 5.24 लाख लोग मारे गये हैं जबकि डब्ल्यूएचओ का कहना है कि इस अवधि में भारत में 47 लाख लोग मारे गये थे।

प्रवक्ता ने कहा कि भारत सरकार ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

फेसबुक यूजर्स को बड़ा झटका

- 31 मई से बंद हो रहे हैं ये चार फीचर, दोस्तों के साथ नहीं कर पाएंगे ये काम

नई दिल्ली। जल्द ही फेसबुक के कई यूनिक और काम के फीचर बंद होने वाले हैं। दरअसल, फेसबुक का नियरबाय फ्रेंड्स फीचर जो लोगों को अन्य फेसबुक यूजर्स के साथ अपनी वर्तमान लोकेशन शेयर करने देता है, अब इस साल 31 मई से उपलब्ध नहीं होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर यूजर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने यूजर्स को नियरबाय फ्रेंड्स फीचर और अन्य लोकेशन बेस्ड फीचर्स के बंद होने के बारे में सूचित करना शुरू कर दिया है। नियरबाय फ्रेंड्स फंक्शनैलिटी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्विटर पर कंपनी ने कहा ये

ट्विटर पर कई यूजर पोस्ट के अनुसार, फेसबुक ने कथित तौर पर फेसबुक ऐप पर एक नोटिफिकेशन के माध्यम से फ्रेंड्स नियरबाय फीचर को बंद करने की घोषणा की। यूजर्स को भेजे गए एक नोटिफिकेशन में कंपनी ने कहा कि यह फीचर जो यूजर्स को यह पता लगाने में मदद करता है कि कौन से फ्रेंड्स आस-पास हैं या यात्रा में हैं, अब 31 मई, 2022 से उपलब्ध नहीं होंगे।

अल-कायदा चीफ अल जवाहिरी ने कश्मीर को लेकर फिर उगला जहर

- कहा- आर्टिकल 370 हटाया जाना मुसलमानों के मुंह पर तमाचा

नई दिल्ली। दुनिया के टॉप आंतकी संगठन अल-कायदा के चीफ अल जवाहरी ने कश्मीर को लेकर एक वीडियो जारी किया है। 'कश्मीर और फिलिस्तीन में बार-बार होने वाली त्रासदी' नाम से जारी 47 मिनट की इस वीडियो में जवाहिरी ने कश्मीर की तुलना फिलिस्तीन से करते हुए भारत के समर्थन पर अरब देशों की निंदा की है। वीडियो की शुरूआत कश्मीर में भारत विरोधी तस्वीरों से होती है जिसमें लोग पत्थरबाजी करते नजर आ रहे हैं। इसी से मिलती जुलती फिलिस्तीन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दुनिया का मोस्ट वांटेड आतंकी है अल जवाहिरी

अमेरिका में हुए 9/11 हमले के बाद से दुनिया का मोस्ट वांटेड आतंकी और अल-कायदा का चीफ अल जवाहिरी वीडियो संदेश में कश्मीर का जिक्र करते हुए लंबा भाषण देता है। जवाहिरी कहता है- हमारा काम मुस्लिम उमराह का काम है, वो उमराह जिसकी जमीन बांटकर प्राकृतिक संसाधनकों को चुराया जा रहा है।

सत्येंद्र जैन के खिलाफ 4 साल में भी भ्रष्टाचार के सबूत नहीं जुटा पाई सीआईबी, बंद किया केस

नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री सत्येन्द्र जैन और अन्य लोगों के खिलाफ विभाग में क्रिएटिव टीम की भर्ती में कथित भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई की चार साल लंबी जांच का नतीजा सिफर निकलने के बाद अब मामला बंद कर दिया गया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) नेता और अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य एकत्र कर पाने में असफल रहने के बाद सीबीआई ने हाल ही में विशेष अदालत में मामला बंद करने के लिए क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है।

सीबीआई ने फिलहाल इस मामले में कोई टिप्पणी देने से इनकार कर दिया। एजेंसी ने 28 मई, 2018 को पीडब्ल्यूडी कार्यो के लिए एक क्रिएटिव टीम को काम पर रखने के लिए एक निजी कंपनी को टेंडर देने में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

एजेंसी ने दावा किया कि उसने एक साल की प्रारंभिक जांच की, जिसमें उसने मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए।

संपादकीय

भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश

वैश्विक महामारी कोरोना के खिलाफ जंग में भारत ने जो शानदार सफलता पाई है उसकी सारी दुनिया ने मुक्त कंठ से सराहना की थी। खुद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी उस दौरान भारत की भूमिका की प्रशंसा की थी किन्तु विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना से दुनिया भर में हुई मौतों के बारे में जो ताजा आंकड़े जारी किए है उसमें उसने भारत में कोरोना से मरने वालों की संख्या दस गुना से भी ज्यादा बताई है जो भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश है। इसका भारत को कड़ा प्रतिरोध करना चाहिए और यही नहीं बल्कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की नाकामियों को भी दुनिया के सामने उजागर करना चाहिए। कोरोना के खिलाफ जंग में विश्व स्वास्थ्य संगठन असफल रहा था। चीन के दबाव में काम करने वाले विश्व स्वास्थ्य संगठन की कार्यप्रणाली पर दुनिया के कई देशों ने सवालिया निशान भी लगाए थे। कोरोना काल के दौरान डब्ल्यू एच ओ ने समय समय पर जो दिशा निर्देश जारी किए थे उसे लेकर भी विवाद की स्थिति बनी थी। कुल मिलाकर कोरोना के खिलाफ लड़ाई में डब्ल्यू एच ओ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में विफल रहा था और अब वह कोरोना के खिलाफ जंग में अग्रणी भूमिका निभाने वाले भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। जबकि भारत ने रिकार्ड समय में कोरोना की वैक्सीन बना ली थी और 130 करोड़ लोगों को समय पर वैक्सीन भी उपलब्ध करा दी थी। यही नही बल्कि भारत ने अपने देशवासियों को मुफ्त में कोरोना के टीके लगवाए थे जबकि दुनिया के अन्य देशो में इसके लिए लोगों से शुल्क वसूला था। भारत ने अपने पड़ौसी देशों सहित और भी कई देशों को कोरोना की वैक्सीन उपलब्ध कराकर पीड़ित मानवता की सच्ची सेवा की मिसाल पेश की थी। इन तमाम उपलब्धियों को छोटा कर के दिखाने के लिए ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत में कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़ा चढ़ाकर पेश की है जो उसके पूर्वाग्रह ग्रसित होने का प्रमाण है। भारत ने इसका प्रतिरोध किया है, करना भी चाहिए क्योंकि यह चीन के ही दबाव में भारत के खिलाफ एक बड़ी साजिश हो सकती है। गौरतलब है कि दुनिया भर में कोरोना फैलाने वाला चीन ही है जिसके प्रयोगशाला की जांच में भी विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अड़ंगा लगाया था। वह यह मानने के लिए तैयार ही नहीं था कि चीन कोरोना का जनक है। बहरहाल यह सच्चाई अब दुनिया के सामने आ चुकी है और चीन के खिलाफ सारी दुनिया एकजूट हो गई थी। अभी भी दुनिया में कोरोना की चौथी लहर की संभावना बनी हुई है इससे निपटने के लिए भी विश्व स्वास्थ्य संगठन कोई कारगर पहल नहीं कर रहा है। उल्टे भारत जैसे देशों पर जिसने कोरोना के खिलाफ जंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उसे बदनाम करने की कुत्सिक कोशिश कर रहा है।

लघुकथा

यूरोपीय मुल्कों से हमारी ताजा नजदीकी

जिस समय यूक्रेन संकट को लेकर नई दिल्ली और पश्चिमी देशों के बीच सतही तौर पर मतभेद दिख रहे हैं, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जर्मनी, डेनमार्क व फ्रांस का दौरा मुनादी कर रहा है कि भारत और यूरोप अपने सामरिक संबंधों को बेपटरी करने के बजाय उसकी मजबूती के पक्षधर हैं। यह तय था कि तीनों देशों में यूक्रेन मुद्दे को उठाया जाएगा और ऐसा हुआ भी, लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया कि वह भले सार्वजनिक तौर पर रूस की निंदा नहीं कर रहा, लेकिन वह मानता है कि इस युद्ध से सभी देशों को नुकसान होगा और भारतीय हितों को भी चोट पहुंचेगी। संभवतः इसीलिए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जंग में कोई विजेता बनकर नहीं उभरेगा, और भारत जैसे देशों को, जो स्थिर वैश्विक अर्थव्यवस्था और अपने लोगों की आर्थिक खुशहाली के हिमायती हैं, इस लड़ाई में नुकसान उठाना होगा। मतलब साफ था कि हम इस युद्ध को किसी तरह से जायज नहीं मानते और कूटनीति व बातचीत के जरिये इसका समाधान चाहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की तीन दिवसीय यात्रा जर्मनी से शुरू हुई। दूसरे विश्व युद्ध के बाद अपने कदम को पीछे खींचने वाला जर्मनी एक बार फिर खुद को एक बड़ी ताकत के रूप में खड़ा करना चाहता है। जर्मनी की इस मुखरता का फायदा भारत को हो सकता है। फिर, जर्मनी उन देशों में से एक है, जिसने हिंद प्रशांत क्षेत्र को लेकर अपनी रणनीति बनाई है। चूंकि यूरोपीय देश इस क्षेत्र को काफी अहम मानते हैं, इसलिए हिंद प्रशांत में आपसी समन्वय को लेकर भारत और जर्मनी की सहमति इस यात्रा की एक बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। जर्मनी यूरोपीय संघ का भी एक अहम देश है, इसलिए वह इसको नीतिगत आकार देने की क्षमता रखता है, जिसका लाभ भारत को हो सकता है।

यहां महत्वपूर्ण यह भी है कि जर्मनी की नई सरकार ने अंतर-सरकारी परामर्श की जो पहली बैठक की, उसमें एक बार फिर नई दिल्ली की अहमियत स्वीकार की गई। भारत और जर्मनी, दोनों देश रूस पर निर्भरता को लेकर भी एकमत हैं। जहां जर्मनी बहुतायत में तेल और गैस रूस से मंगाता है, तो वहीं हमारे ज्यादातर रक्षा उत्पाद मास्को से आते हैं। यह समानता दोनों देशों के हित में है। इसके अलावा, दोनों देश जलवायु परिवर्तन से जुड़े मसलों पर भी आपसी सहयोग बढ़ाने को इच्छुक दिखे। जर्मनी के साथ हमने 'माइग्रेशन ऐंड मोबिलिटी पार्टनरशिप' समझौता भी किया, ताकि आईटी पेशेवरों को इसका लाभ मिल सके। दोनों देशों को इसकी सख्त जरूरत थी, क्योंकि जर्मनी तेजी से बुजुर्ग होती आबादी वाला देश है और उसको पेशेवर नौजवानों की जरूरत है, जबकि भारत अपनी सेवा का दायरा बढ़ाना चाहता है।

देश के दिल दिल्ली में तनाव का माहौल

राजेश माहेश्वरी

वर्तमान समय में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने राजनीतिक लाभों की पूर्ति के लिये सांप्रदायिकता का सहारा लिया जाता है। एक प्रक्रिया के रूप में राजनीति का सांप्रदायीकरण भारत में सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश में सांप्रदायिक हिंसा की तीव्रता को बढ़ाता है। जानकारों के मुताबिक सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिये पुलिस को अच्छी तरह से सुसज्जित होने की आवश्यकता है। इस तरह की घटनाओं को रोकने हेतु स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत किया जा सकता है। वहीं देश के आम लोगों को मूल्य आधारित शिक्षा दी जानी चाहिये, ताकि वे आसानी से किसी की बातों में न आ सकें। काबिलेगौर यह है कि दिल्ली अभी दो साल पहले हुए दंगों का दर्द नहीं भूल सकी है। धार्मिक सद्भाव और सहिष्णुता इस देश की वास्तविक शक्ति और पहचान रही है। इसे नुकसान पहुंचाने की हर कोशिश को नाकाम किया जाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर दिल्ली के जहांगीरपुरी में जो कुछ हुआ, उसे सारे देश ने देखा और सुना। दिल्ली अभी पुराने दंगों से उभर नहीं पायी थी, और अब इस हिंसा ने फिर एक बार सोचने को मजबूर कर दिया है। दिल्ली देश की राजधानी है। देश के सांस्कृतिक विरासत की अनूठी मिसाल है। दिल्ली में विभिन्न धर्मों, जातियों और भाषाओं को बोलने वाले एक साथ रहते हैं। ऐसी अनूठी संस्कृति वाले शहर में हिंसा की घटना पूरे सिस्टम और समाज को कटघरे में खड़ा करती हैं। चूंकि दिल्ली दुनिया के सबसे विशाल लोकतांत्रिक देश की राजधानी है, ऐसे में दिल्ली में घटने वाली हर घटना अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि बनाती और बिगाड़ती है। लेकिन चंद राजनीतिक दल अपने क्षुद्र स्वार्थों की पूर्ति के लिये देश में तनाव को बढ़ावा देने में लगे हैं। हिन्दू-मुस्लिम को लेकर राजनीति कोई नयी बात नहीं है, लेकिन इस राजनीति के चलते जो धुव्रीकरण हो रहा है, उसके नतीजे बेहद डरावने हैं।

पिछले कुछ वर्षों से विशेषकर हिंदू त्योहारों प मध्यप्रदेश, गुजरात, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक सामुदायिक और सांप्रदायिक टकराव हो रहे हैं। क्या ये किसी षडयंत्र का हिस्सा हैं? अथवा दंगों को प्रायोजित कराया जा रहा है? क्या पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया सरीखे अलगाववादी, जेहादी संगठन मुसलमानों को उकसा रहे हैं? आखिर शहरों में ही हिंदू-मुसलमान विभाजन इतना गहरा और व्यापक दिखाई क्यों देता है? गांवों में तो ऐसे टकरावों की स्थिति नहीं है। एकदम सामाजिक भाईचारा छिनता हुआ क्यों लग रहा है? मध्य प्रदेश के खारगोन से वाया दिल्ली होती हुई सांप्रदायिक हिंसा की तपिश कर्नाटक के हुबली तक जा पहुंची है।

राजधानी दिल्ली के जहांगीर पुरी इलाके में जो हिंसा भड़की थी, उसमें गोलियां तक चलाई गईं। दंगाइयों की गोली ने पुलिस के एक उपनिरीक्षक को भी घायल कर दिया। वह उपचाराधीन हैं। घरों की छतों से औरतों ने भी पत्थर मारे, बोतलें फेंकी! मस्जिद, मदरसों से भी हमले किए गए। तलवारें लहराई गईं। यह पहली बार नहीं हुआ है। अलबत्ता इस बार नफरत की पराकाष्ठा रही है। यह हिंदुओं पर हमलों की पुरानी पद्धति

रही है कि शोभा-यात्रा को निशाना बनाया जाता रहा है। इस बार तो भद्दी गालियां भी दी गईं, जिन्हें लिखा नहीं जा सकता। धार्मिक विष इस कदर फैला कि उपद्रवियों ने श्रीराम और बजरंगबली के प्रति आस्थाओं पर सवाल किए। औरतें यह कहते सुनी गईं कि इन देवताओं की शोभा-यात्रा क्यों निकलने दी जाए? मुसलमानों को यह आपत्ति कब से होने लगी? वहीं मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इस बीच बीजेपी ने जहांगीपुरी हिंसा के पीछे रोहिंग्या मुस्लिमों का हाथ होने का आरोप लगाया है। अगर ऐसा है तो ये आंतरिक सुरक्षा के बड़ा खतरा है।

इन दिनों इस्लाम का 'पाक महीना रमजान' भी जारी है। कोई दंगा इस आधार पर नहीं भड़का कि गैर-इस्लामी लोगों ने रोजे या इफ्तारी को नापाक किया है। दिल्ली पुलिस ने जो तलवारें और पिस्टलें बरामद की हैं, आखिर वे कहां से आईं? क्या मुस्लिम घरों में इनका संग्रह पहले से ही तैयार रहता है? क्या हमले की सुनियोजित षडयंत्र तय की गई थी? पुलिस कमोबेश दिल्ली के संदर्भ में यह निष्कर्ष जरूर दे कि मुस्लिम घरों में हथियार मौजूद रहते हैं क्या? कई राज्यों में भड़की हिंसा के संदर्भ में यह सवाल उठता रहा है, लेकिन आज तक अनुत्तरित है। पुलिस ने 21 से ज्यादा आरोपियों को अदालत के सामने पेश किया था, जिनमें दो को ही मात्र एक दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेजा गया है, शेष न्यायिक हिरासत में हैं। राजधानी में 2020 में भी दंगा किया गया था। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए इन दंगों में 53 लोगों की मौत हो गई थी, करीब 700 लोग घायल हुए थे। कई लोगों के लापता होने की भी खबर है। इस दौरान करोड़ों रुपये की संपत्तियों का नुकसान भी हुआ। कई के खिलाफ आईपीसी की अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। क्या उसी की कड़ी में मौजूदा दंगे हैं या कोई अन्य कारण हैं? ठोस निष्कर्ष सामने आना चाहिए।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्र्स ब्यूरो (एनसीआरबी) मुताबिक 2017 में भारत में 90,394 दंगे दर्ज हुए थे, जिसमें 723 को सांप्रदायिक माना गया। अगर वर्ष 2017 के पूरे आंकड़ों को देखिए तो औसत तौर पर रोज हर तरह दंगे के 161 मामले हुए और रोज 247 लोग उनके शिकार बने। एनसीआरबी के मुताबिक भारत में साल 2000 से 2013 के बीच हर साल औसतन 64,822 दंगे हुए हैं। हालांकि लोकसभा में सरकार ने खुद एक सवाल के जवाब में बताया वर्ष 2017 के खत्म होते होते 2920 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं, जिसमें 389 लोग मारे गए तो 8890 घायल हो गए। गृह मंत्रालय ने ये जानकारी लोकसभा में 06 फरवरी 2018 में दी। संसद में दंगों को लेकर हुई बहस में गृह मंत्रालय को ओर से बताया गया कि ज्यादातर सांप्रदायिक दंगे सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट, लिंग संबंधी विवादों और धार्मिक स्थान को लेकर हुए हैं।

देशवासी देख रहे हैं कि राज्यों में चुनाव से पहले सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की जो कुत्सित कोशिशें होती हैं, वे समाज में भय का वातावरण बना देती हैं। एक आम आदमी को लगता है कि देश का वातावरण कितना विषैला हो गया है लेकिन चुनाव संपन्न होते ही सन्नाटा पसर जाता है। जाहिर है यह कटुता कृत्रिम है और इसके राजनीतिक लक्ष्य होते हैं। ऐसा पहले बार नहीं है कि बहुसंख्यकों व अल्पसंख्यकों के त्योहार आसपास गुजरे हैं। लेकिन हाल-फिलहाल इनको लेकर टकराव की घटनाएं विचलित करती हैं। सवाल यह भी है कि आजादी को अमृत महोत्सव मनाते वक्त हम धार्मिक सहिष्णुता का पाठ नागरिकों को क्यों नहीं पढ़ा पाये। निःसंदेह देश के सांप्रदायिक सौहार्द को खराब करने में राजनीतिक दलों की बड़ी भूमिका रही है, लेकिन इस तथ्य को बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक समाज को भी गंभीरता से लेना होगा कि किसी भी तरह का ध्रुव्रीकरण अंततः सामाजिक समरसता के लिये घातक होता है। यह जानते हुए कि बहुसंख्यकों व अल्पसंख्यकों, दोनों को इस देश में ही रहना है तो बेहतर है कि मिलजुल कर रहें।

टूना मछली के संरक्षण के लिए गंभीर प्रयास जरूरी

योगेश कुमार गोयल

टूना मछली एक फुट से 15 फुट तक लंबी हो सकती है। यह एक तेज तैराक मछली है, जिसकी कुछ प्रजातियां तो 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तैरने में सक्षम हैं। अधिकांश मछलियों का मांस प्रायः सफेद रंग का होता है किन्तु टूना की मांसपेशियों के उत्तकों का रंग गुलाबी से लेकर गहरा लाल होता है। यह लाल रंग एक ऑक्सीजन बाध्यकारी अणु मायोग्लोबिन के कारण होता है, जिसकी मात्रा मछलियों की अन्य प्रजातियों की तुलना में टूना में अधिक होती है। ब्लूफिन टूना जैसी कुछ बड़ी टूना प्रजातियां गर्म खून वाली होती हैं, जो अपनी मांसपेशियों को हिलाकर अपने शरीर के तापमान को पानी के तापमान से अधिक बढ़ा सकती हैं, जो उन्हें अपेक्षाकृत ठंडे पानी में जीवित रहने और अन्य प्रजातियों की मछलियों की अपेक्षा समुद्र के विविधतापूर्ण वातावरण में रहने के लिए सक्षम बनाता है।

विश्वभर में मछलियों की 30 हजार से भी ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से कुछ असाधारण अथवा विशेष मानी जाती हैं। इन्हीं प्रजातियों में से एक है 'टूना मछली', जिसका दुनियाभर के कई देशों में बड़े पैमाने पर शिकार किए जाने के कारण इसके अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। इसी कारण अब इसके संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2016 में संयुक्त राष्ट्र ने मछली पालन, मछलियों के शिकार और टिकाऊ विकास में मछलियों की अहमियत की ओर सभी का ध्यान आकर्षित करने के लिए 'टूना दिवस' मनाने का निश्चय किया और 2 मई 2017 को पहला 'विश्व टूना दिवस' मनाया गया। अब प्रतिवर्ष 2 मई को यह दिवस विश्वभर में इस मछली के महत्व को रेखांकित करने और पकड़ी तथा खाई जाने वाली विश्व की सर्वाधिक लोकप्रिय मछलियों को बचाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। टूना मछलियां पकड़े और खाये जाने के मामले में दुनिया की सबसे लोकप्रिय मछलियों में से एक है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्व अध्यक्ष पीटर थॉमसन के अनुसार टूना सतत विकास, खाद्य सुरक्षा, आर्थिक अवसर प्रदान करने और दुनिया भर के लाखों लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस समय करीब 80 देशों में टूना मछली का शिकार होता है। दरअसल बहुत सारे देशों में टूना मछली नियमित खान-पान का अहम हिस्सा है और इन देशों की बहुत बड़ी आबादी टूना मछली पर ही निर्भर है क्योंकि यह पौष्टिक भोजन का अच्छा स्रोत मानी गई है। इन मछलियों का शिकार कितने बड़े स्तर पर किया जा रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इनकी सी-फूड के अंतर्राष्ट्रीय कारोबार में करीब आठ फीसदी हिस्सेदारी है जबकि समुद्र से पकड़ी जाने वाली मछलियों की सभी प्रजातियों के कुल मूल्य का 20 फीसदी टूना मछलियों की बिक्री से ही हासिल होता है। बीते वर्ष टूना मछलियों का शिकार करीब एक लाख टन तक होने का अनुमान है। जनवरी 2019 में टोक्यो के नए मछली बाजार में लुप्तप्रायः प्रजाति की एक विशालकाय टूना मछली 21.5 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कीमत पर बिकी थी, जिसे सूशी रेस्तरां श्रृंखला

के मालिक ने खरीदा था। जापान के उत्तरी तट से पकड़ी गई यह विशाल मछली 278 किलोग्राम की थी।

नाउरू समझौते के तहत टूना का शिकार करने के दिनों को सीमित करने की व्यवस्था है और प्रशांत क्षेत्र में वर्ष 2011 से ही नाउरू समझौते के साझीदार कई ऐसे देश, जिनका दुनियाभर में टूना के उत्पादन में करीब 25 फीसदी योगदान रहता है, विश्व टूना दिवस मनाए जाने के लिए अभियान चलाते रहे हैं लेकिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2016 में यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। दुनिया भर में टूना मछली की खपत बढ़ने का ही परिणाम है कि हजारों जहाज, नाव और लाखों लोग टूना मछली के शिकार और कारोबार में लिप्त हैं और यही कारण है कि टूना मछली के अस्तित्व पर खतरा मंडराने की आशंकाएं जताई जाने लगी हैं।

टूना खारे पानी की समुद्री मछली है, जो मैकेरल परिवार के एक उप-समूह जनजाति थ्युननिनी के अंतर्गत आती है। इसकी विश्वभर में 48 से भी अधिक प्रजातियां हैं, जिनमें मुख्यतः थुन्नुस वर्ग की 9 प्रजातियां शामिल हैं। ये प्रजातियां हैं एल्बाकोर, येल्लोफिन टूना, ब्लैकफिन टूना, दक्षिणी ब्लूफिन टूना, बिगआई टूना, पैसिफिक ब्लूफिन टूना, उत्तरी ब्लूफिन टूना, लॉन्गटेल टूना, करासिक टूना। टूना मछली को सेलेनियम, विटामिन बी-3 (नियासिन), विटामिन बी-12, विटामिन बी-6, प्रोटीन, फास्फोरस, विटामिन डी तथा पोटेशियम का अच्छा स्रोत माना गया है। सिर्फ सूर्य की रोशनी से ही मिलने वाला विटामिन डी टूना मछली में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहता है। कहा जाता है कि टूना मछली हाई क्वालिटी प्रोटीन वाली मछलियों में से एक हैं, जिनमें बहुत ही कम वसा होती है और यह मछली काफी पौष्टिक मानी जाती है।

टूना मछली एक फुट से 15 फुट तक लंबी हो सकती है। यह एक तेज तैराक मछली है, जिसकी कुछ प्रजातियां तो 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तैरने में सक्षम हैं। अधिकांश मछलियों का मांस प्रायः सफेद रंग का होता है किन्तु टूना की मांसपेशियों के उत्तकों का रंग गुलाबी से लेकर गहरा लाल होता है। यह लाल रंग एक ऑक्सीजन बाध्यकारी अणु मायोग्लोबिन के कारण होता है, जिसकी मात्रा मछलियों की अन्य प्रजातियों की तुलना में टूना में अधिक होती है। ब्लूफिन टूना जैसी कुछ बड़ी टूना प्रजातियां गर्म खून वाली होती हैं, जो अपनी मांसपेशियों को हिलाकर अपने शरीर के तापमान को पानी के तापमान से अधिक बढ़ा सकती हैं, जो उन्हें अपेक्षाकृत ठंडे पानी में जीवित रहने और अन्य प्रजातियों की मछलियों की अपेक्षा समुद्र के विविधतापूर्ण वातावरण में रहने के लिए सक्षम बनाता है। समुद्रों में जल प्रदूषण के कारण टूना सहित मछलियों की अन्य हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है और उनके अनिश्चित भविष्य को लेकर स्थिति चिंताजनक है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

महक उठा है अंग

महक उठा है अंग, चढ़ा ऐसा पी का रंग, अंग-अंग प्रेम के उमंग में समा गया। चह-चह चिड़ियों के जैसे मन चहके है, कुहू-कुहू कोयल की तान मन भा गया। अद्भुत है ये संयोग प्रेम का लगा के रोग, जोगन बनी मैं जोगी बन के वो आ गया। बन घन मन रूपी आसमां में छाया ऐसे, रोम-रोम मेरा प्रेम, रंग में भिगा गया।। – **अनुराधा सिंह**

तुम यूँ करो

तुम यूँ करो कि, अब बिछुड़ जाओ, मुझसे, ये हालात, अब सहे नहीं जाते। कैद कर दी जुबाँ, तेरे हद की कफ़स में, हमसे ये जज़्बात, अब कहे नहीं जाते। रूसवाइयाँ, जिल्लत, डरी, सहमी साँसे, लोगों के सवालात, अब सहे नहीं जाते। याद की नश्तर से छलनी है, घायल दिल, सुर्ख पलकों में बरसात,अब रहे नहीं जाते। दर्द को चखकर जो,परखने की जिद ठानी, इश्क़ दाहैख्यालात अब कहे नहीं जाते। – **किरण मिश्रा**

ख़ास पाती

समानता की स्वतंत्रता एक

समानता की स्वतंत्रता एक पुरुष ने स्त्री पीड़ा से दुखी हो स्त्री के पक्ष में क्रांति की मशाल जलाई और लिख दी अनेक कविता लिखे अनेक लेख जिसमें झलक रही थी स्त्री विमर्श की शोधपरक प्रतियाँ ऐसा पुरुष स्त्री विमर्श का अगवा कहलाया इस पुरुष के सम्मान में अन्य पुरुषों ने भी समर्थन जारी किया और बना दिया समाज सुधारक। किन्तु जब एक स्त्री ने पुरुष की पीड़ा से दुखी हो लिखा पुरुष के पक्ष में तब वह पुरुषवादी कहलाई पितृसत्तात्मक सत्ता की समर्थक कह उसे तिरस्कृत किया गया और पिछड़े विचारों का आरोप लगातार शब्दों के पत्थर से पुरुष विमर्श की कर दी हत्या। – **दिव्या राकेश शर्मा**

प्यार कोई व्यापार नहीं...

प्यार कोई व्यापार नहीं है तुम ने मुझे मधुमास बताया अपने दिल का खास बताया दुनिया से मै दूर खड़ा था तुम ने अपने पास बताया अब कहती हो प्यार नहीं है तुमपे कुछ अधिकार नहीं है कल फागुन में रंग जो खेला कहती वो त्योहार नहीं है बीती बातें भूलूँ कैसे मन तुम-सा खुद्दार नहीं है प्यार कोई व्यापार नहीं है मैं था कोई जल ठहरा सा तुम आई थी प्यास बुझाने मैं निश्चेत, उनींदा सोया तुम क्यों आई आस जगाने कोरे कागज जैसा था मैं तुम ने हर किरदार गढ़ा था जुड़ने से पहले तुमने ही मुझको सौ सौ बार पढ़ा था स्मृतियां सब भूलूँ कैसे मन अब भी तैयार नहीं है प्यार कोई व्यापार नहीं है। – **रोहित गोस्वामी रुद्रांश**

कभी कभी सब व्यर्थ हो जाता

कभी कभी सब व्यर्थ हो जाता है यात्रा, अनुभव, आयु अर्जन, सृजन, सब कुछ तैरना ना आये तो कुए मे गिर कर भी प्यासे ही डूब जाओगे। कुछ लोग प्रेम में पड़ कर भी अपवित्र रह जाते है। – **कुलदीप वर्मा**

खुद को नादां कह लेंगे, हम तेरी ख़ातिर...

खुद को नादां कह लेंगे, हम तेरी ख़ातिर। बिन तेरे भी रह लेंगे, हम तेरी ख़ातिर। जानते हो ये तुम भी कि, बेगुनाह है हम, मगर हर सज़ा सह लेंगे, हम तेरी ख़ातिर।

– **सुरेश पसारी**

करम के फल तो भोगना परथे

करम के फल तो भोगना परथे जइसे करहू पाहू बने करे म बने-बने नइते लाठी-बेड़गा ल खाहू एकरे सेती तो कहे जाथे सत् के बीजहा बोवव संग परमारथ के रद्दा रेंगव दूनोंच लोक कमाहू।

–कवि सुशील भोले

मुखपोथी पर होरही कवियों की भरमार

मुखपोथी पर होरही, कवियों की भरमार , दोहे रच कर आपने, तीखा किया प्रहार तीखा किया प्रहार,सत्य का भान कराया, रचें सार्थक काव्य, सरल सा मार्ग बताया मन से अगर रचें छोड़ कर लीपा पोती, सुन्दर बन फिर सब को भाये ये मुखपोथी। – **चंद्र लता यादव**

कभी शोहरत से जलता है, सादगी से भी जलता हे...

कभी शोहरत से जलता है, सादगी से भी जलता है। जले वो रोशनी से भी , तिरगी से भी जलता है। न माचिस है न तीली है,अंगीठी है, न चिंगारी, ये तो आदमी ही है ,जो आदमी से जलता है। – **शोभा किरण**

QUIZ TIME

1) सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों का एक संग्रहालय, प्रधानमंत्री संग्रहालय (प्रधान मंत्रियों का संग्रहालय) कहाँ बनाया गया?
2) राष्ट्रीय ई-विधान अनुप्रयोग कार्यक्रम को लागू करने वाली भारत की पहली राज्य विधानसभा का नाम बताइए, जो पूरी तरह से पेपरलेस हो जाएगी?
3) ब्लैक रोलर नामक स्थानीय पवन कहाँ चलती है?
4) सामवेद के पाठकर्त्ता को क्या कहा जाता है?
5) एबेल पुरस्कार 2022 किसे दिया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दिल्ली (2) नागालैंड (3) उत्तरी अमेरिका मैदान में (4) उद्गाता (5) अमेरिकी गणितज्ञ डेनिस पार्नेल सुलिवन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1664- फ्रांस के सम्राट लुई चौदहवें ने वर्सा‍य पैलेस का उद्घाटन किया। 1727- रूस की महारानी कैथरीन प्रथम ने यूक्रेन से यहुदियों को बाहर करने का आदेश दिया। 1775- तुर्की राज्य बुकोविना ऑस्ट्रिया से अलग हुआ। 1800-अमेरिका में इंडियाना प्रांत का गठन किया गया। 1832- यूनान ने स्वतंत्रता हासिल की, बावारिया को सम्राट चुना गया। 1861- प्रख्यात कवि रवींद्र नाथ टैगोर का जन्म। 1875- सिसली द्वीप के पास जर्मनी का जहाज टूटा, जिसमें 312 लोग मारे गए। 1907- बंबई (वर्तमान में मुंबई) में पहली विद्युत ट्राम कार चलाई गई। 1973- ईटानगर को अरुणाचल प्रदेश की राजधानी बनाया गया। 1975- अमेरिका ने वियतनाम युद्ध की समाप्ति की घोषणा की। 2000- व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति बने। 2002- चीन का विमान एमडी-82 पीत सागर में गिरा, 112 लोगों की मौत। 2004- आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अमेरिका के एक व्यापारी निक बर्ग का सर कलम किया। इस घटना को रिकॉर्ड कर इंटरनेट पर जारी किया गया। 2008- पाकिस्तान ने परमाणु क्षमता से लैस मिसाइल हत्फ़8 का परीक्षण किया। 2010- चिली ओईसीडी का 31वां सदस्य बना। 2012- व्लादिमीर पुतिन ने छह वर्ष के कार्यकाल के लिए तीसरी बार रूस के राष्ट्रपति पद की शपथ ली। 2015- ब्रिटेन के आम चुनाव में डेविड कैमरून फिर से प्रधानमंत्री बने। उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला।

बिलासपुर के बेलगहना में हाथियों ने सब्जी व धान की फसल को रौंदा, दहशत में ग्रामीण

■ **गांवों में मुनादी कर वन विभाग कर रहा सचेत, जंगल या हाथियों के पास नहीं जाने की दी जा रही चेतावनी**

बिलासपुर/नवप्रदेश। सात हाथियों का दल बेलगहना वन परिक्षेत्र पहुंच गया है। शुक्रवार की सुबह सोनपुरी के बहरानार में किसानों के खेत में सब्जी व धान की फसल को रौंद दिया। इससे ग्रामीणों में निराशा हैं और दहशत का माहौल भी है। सूचना मिलते ही वन अमले के अलावा बेलगहना चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। दल एक खेत में डटा हुआ है। हालांकि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। पर इस तरह की स्थिति बन सकती है। इसलिए वन अमला अब कोटवार की मदद से मुनादी करा रहा है। ताकि ग्रामीण सचेत रहे हैं और गांव बाहर या जंगल की तरफन निकले।

ये हाथी अचानकमार टाइगर रिजर्व की तरफसे आए हैं। सात हाथियों के इस दल को सबसे पहले गुरुवार को देखा गया। खोंगसरा के आसपास हाथियों की धमक की खबर से गांव में हड़कंप मच गया। सभी एक - दूसरे को इसकी जानकारी देते रहे। हालांकि किसी तरह घटना नहीं होने से ग्रामीण राहत महसूस कर रहे हैं। उन्हें लगा की जंगल के रास्ते यहां तक पहुंचे हैं। देर रात तक लौट जाएंगे। लेकिन दल नहीं लौटा और सोनपुरी के आसपास पहुंचकर फसल को रौंद दिया। जिस ग्रामीण का खेत है, उसने फसल को हालत वन विभाग को दी। जिसके बाद वन अमला मौके पर पहुंचा। चूंकि हाथियों को खदेड़ने या नजदीक जाने से मनाही है, इसलिए वनकर्मी दूर से निगरानी रखे हुए हैं।

संपत्ति की हानि पर मुआवजा मिल जाएगा : अफसर

उनके पीछे ग्रामीणों की भीड़ भी है। वन अमला बार- बार यह समझाने का प्रयास कर रहा है कि संपत्ति की हानि पर विभाग की ओर से मुआवजा मिल जाएगा, लेकिन जनहानि नहीं होनी चाहिए। इसके लिए ग्रामीणों को सचेत रहना होगा। कोटवार भी मुनादी कर गांव- गांव में बता रहा है कि हाथी इस क्षेत्र में पहुंच गया है। इसलिए शाम ढलने के बाद घर से बाहर न निकले। जंगल की तरफ भी जाने से मना किया। ग्रामीण विभाग की बात तो मान रहे हैं पर इस बार को लेकर नाराज है कि इनसे बचाव का विभाग के पास न तो कोई योजना है और न ही संसाधन। जब तक इस क्षेत्र में हाथी रहेंगे, ग्रामीणों को दहशत में दिन गुजारनी पड़ेगी।

युवा समूह व चौपाल लगाकर किया जनसंपर्क

बिल्हा। कुशाभाऊ ठाकरे कार्य विस्तार योजना के अंतर्गत बिल्हा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम उमरिया में भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी ने महामाया देवी जी की पूजा अर्चना कर कार्य विस्तार योजना हेतु आशीर्वाद लिया एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी -पंडित दिनदयाल उपाध्याय जी - भारत माता के तैल चित्र में माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं को कार्यविस्तार योजना के सम्बंध में जानकारी दी एवं महिला स्वसहायता समूह की बैठक लेकर केन्द्र की श्री नरेन्द्र मोदी जी सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं राज्य की कांग्रेस सरकार के द्वारा की जा रही वादाखिलाफी के संबंध में विस्तार से सभी लोगों को अवगत करवाया । इस अवसर पर कोमल ठाकुर सोमेश तिवारी अशोक कौशिक एवं क्षेत्र कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रेलवे का ऐलान : पांच ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाकर देंगे राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन अवकाश का असर ट्रेनों पर नजर आने लगा है। एकाएक ट्रेनों में इतनी अधिक भीड़ हो गई है कि यात्रियों को कंफर्म बर्थ के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। इसे देखते हुए ही रेलवे ने एक पांच ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। यह सुविधा इसी महीने अलग- अलग तारीख में मिलेगी। दो साल से कोरोना की वजह से ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह प्रभावित था। यात्री बाहर घूमने या रिश्तेदारों के घर जाना तो दूर घर से बाहर तक नहीं निकलते थे।

अब स्थिति थोड़ी सामान्य है, इसलिए लोग अब बाहर जाना शुरू कर चुके हैं। इसके चलते ही ट्रेनों में भीड़ बढ़ी है। आरक्षण केंद्र भी यात्रियों की कतार नजर आ रही है। यात्रियों का सफर बर्थ की वजह से रद न हो जाए, इसलिए रेलवे ने उन सभी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है, जिसमें प्रतीक्षा सूची अधिक है। जिन ट्रेनों में सुविधा दी जा रही है, उनमें पहले दुर्ग- भोपाल एक्सप्रेस शामिल है। इस ट्रेन में एक स्लीपर कोच लगाया जा रहा है। यह सुविधा यात्रियों को सात व आठ मई को मिलेगी।

बिलासपुर व रायपुर में स्लीपर कोच 7 व 10 को लगाया जाएगा

इसी तरह बिलासपुर- इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस में एक स्लीपर सात व आठ मई को लगाया जाएगा। बिलासपुर - रायपुर पैसेंजर में एक स्लीपर कोच सात व 10 मई को लगाया जाएगा। गेवरारोड व शिवनाथ एक्सप्रेस में सामान्य यात्रियों को राहत देने के लिए एक-एक सामान्य कोच जोड़ा जा रहा है। यह सुविधा गेवरारोड से सात व 10 मई को मिलेगी। इसी तरह इतवारी- बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस आठ व 11 मई को अतिरिक्त सामान्य कोच के साथ रवाना होगी। जिन तारीखों में कोच लगाए जा रहे हैं, दरअसल उसमें प्रतीक्षा सूची अधिक है। अतिरिक्त कोच सुविधा की अवधि बढ़ भी सकती है। लेकिन इससे पहले रेलवे का संबंधित विभाग आंकलन करेगा। हर ट्रेन में इसी तरह आंकलन किया जाता है, जिसमें ज्यादा आवश्यकता होती है उसी में अतिरिक्त कोच जोड़े जाते हैं।

कृषि मास मीडिया की बैठक 19 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। कृषि मास मीडिया की बैठक 19 मई 2022 को संभागीय संयुक्त संचालक कृषि बिलासपुर द्वारा गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाईन दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। इस बैठक में माह जून 2022 में आकाशवाणी केंद्र बिलासपुर के माध्यम से किसानवाणी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसारण होने वाले विषय और वार्ताकार तय किये जाएंगे।

ब्राह्मण समाज के लिए तिफरा में बनेगा सामुदायिक भवन

बिलासपुर/नवप्रदेश। डा. खूबचंद बघेल नगर तिफरा वार्ड क्रमांक नंबर पांच में नगर निगम बिलासपुर अंतर्गत पूर्व में आवंटित भूमि पर समग्र ब्राह्मण समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन महापौर रामशरण यादव ने किया। भवन के निर्मित हो जाने से सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त स्थल उपलब्ध हो सकेगा। इसके बनने के बाद सामाजिक कार्यक्रम के लिए समग्र ब्राह्मण समाज को कार्यक्रम कराने के लिए समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस भवन में बिजली, पानी सहित सभी सुविधाए रहेंगी। भूमिपूजन के दौरान सभापति शेख नजीरुद्दीन, बिल्हा के कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला, स्थानीय पार्षद गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू, पार्षद प्रतिनिधि संजय सिंह, शहर कांग्रेस सचिव शिव यादव, जला युवा कांग्रेस सचिव संत सर्वे सहित ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने की 4 लाख की राशि स्वीकृत

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने तहसील लोरमी के ग्राम भूतकछार के कृष्णचरण मरावी के सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी निकटतम वारिस संतोषी मरावी को 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की है।

अभिषेक बने छत्तीसगढ़ ब्राह्मण परिषद की युवा इकाई का अध्यक्ष

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ब्राह्मण विकास परिषद के अभिषेक पांडेय सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए। परिषद की तहसील शाखा की बैठक सरस्वती सरस्वती शिशु मंदिर में हुई। इसमें सर्वप्रथम भगवान परशुराम की छायाचित्र की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद वरिष्ठ जनों ने भगवान परशुराम के समाज में योगदान को लेकर विस्तार से जानकारी दी इसके बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष अभिषेक पांडेय को चुना गया। वहीं महिला समिति में संगीता तिवारी को अध्यक्ष, गीता शर्मा, माधुरी त्रिपाठी, सरिता द्विवेदी को उपाध्यक्ष, मंजू गौरहा सचिव,रोहणी पांडेय सहसचिव,आशा दुबे को कोषाध्यक्ष बनाया गया साथ ही युवा इकाई में उपाध्यक्ष के रूप में अभ्युदय तिवारी, शुभम पांडेय,मानस बाजपेयी सचिव अभयकांत शर्मा,सह सचिव निखिल मिश्रा,ऋषभ शर्मा, कान्हा पाठक, कोषाध्यक्ष विनय पांडे नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन निर्वाचन समिति के सदस्य प्रदीप तिवारी ने किया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष अनिरुद्ध द्विवेदी, उपाध्यक्ष दिनेश दुबे, सचिव संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक दुबे, सहसचिव अजय पांडेय, कृष्ण कुमार शर्मा, बंसीलाल तिवारी जनक लाल शर्मा, चेतन पाठक, रमेश पांडेय अन्य उपस्थित रहे।

निधन
ऋषि राजेश

मुंगेली। नगर के व्यवसायी अनिल राजेश के पुत्र ऋषि राजेश उम्र-19 वर्ष का 4 मई को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार सामाजिक मुक्तिधाम में किया गया। समाज के लोगों ने ऋषि के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

शहर के वरिष्ठ डा प्रदीप सिहारे सिकल बीमारी पर पेरिस में प्रस्तुत करेंगे शोधपत्र

■ **दुर्लभ बीमार से जूझ रहे मरीज का सफलतापूर्वक इलाज करने पर किया गया है आमंत्रित**

बिलासपुर/नवप्रदेश। पेरिस व फ्रांस में 16 से 18 जून को आयोजित ग्लोबल सिकल कान्फ्रेंस 2022 में शहर बाल रोग विशेषज्ञ डा प्रदीप सिहरे का चयन हुआ है। वे सिकल बीमारी पर शोध प्रस्तुत करेंगे। सिकल सेल पर रिसर्च करने व सिकल के दुर्लभ केस को प्रजेन्ट करने के लिए आमन्त्रित किया गया है। डा प्रदीप सिहारे ने बताया कि एक मरीज को सिकल के कारण लिवर में अत्यन्त दुर्लभ बीमारी से जूझ रहा था। पीलिया 68 मिलीग्राम के ऊपर पहुंच गया था। मल्टी आर्गन फेल्युर व डीआइसी हो गया था। आइसीयू में प्रोटोकाल के अनुसार ट्रीटमेंट करने पर सफ्लता नहीं मिली।

सहयोगी बाल रोग विशेषज्ञ डा राजीव शिवहरे व स्टाफके प्रयास से 25 दिन बाद बच्चे में सुधार चालू हुआ और हम उसे बचाने में कामयाब हुए। जब यह केस कान्फ्रेन्स के लिये भेजा तो इसे रेयर क्लीनिकल केस व इन्नोवेटिव ट्रीटमेन्ट माना गया। बिलासपुर जैसे छोटी जगह में कम संसाधनों में इलाज उपलब्ध करने के लिए डा प्रदीप सिहारे को आमंत्रित किया गया है।

मरीजों को बार-बार चढ़ाना पड़ता है ब्लड

देर से डायग्नोसिस व समय पर सही इलाज न मिलने पर सिकल के मरीजों को बार बार इन्फेक्शन, दर्द, खून की कमी होने से अस्पताल में बार बार भरती होना व ब्लड लगाना पड़ता था। इससे घर की आर्थिक स्थिति भी खराब होती है। दैनिक जीवन में भी सिकल के मरीज थके हुए, बीमार से रहते थे और परिवार वालों पर बोझ हुआ करते थे। एक तो इलाज का खर्चा और माता पिता अपना कामकाज़ नहीं कर पाते। जिससे आर्थिक, मानसिक व सामाजिक नुकसान होता है।

डा सिहारे ने बताया कि अब हम काम्प्रीहेन्सिव केयर के माध्यम से लगभग एक हजार सिकल के मरीजों का इलाज कर रहे हैं। अब हमारे सिकल बेहतन जिन्दगी जी रहे हैं। न इन्फेक्शन, न दर्द व न ब्लड चढ़ता है। घरवाले भी खुश और खुशहाल रह रहे हैं। हम सतत इलाज व निगरानी रखते हैं कि दवाओं का सही असर हो रहा है या नहीं, कोई साइड इफेक्ट तो नहीं हो रहा है। क्रानिक आर्गेन डेमेज को रोकना व पहले ही पहचान कर इलाज करते है। हर एक सिकल मरीज का वार्षिक चेकअप करने के हमारा लक्ष्य है।

बच्चों को खिलाई कृमिनाशक दवाई

■ **कलेक्टर डॉ.गौरव कुमार सिंह ने की राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की शुरूआत**

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुर्नवास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती बच्चों को कृमिनाशक दवाई खिलाई उन्होंने शिव चरण साहू, निलेश साहू, ईशानी ओगरे और शिवानी ओगरे, सौरभ अंचल, आर्यन अंचल सहित अन्य बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई। सीएचएमओ डॉ. मधुलिका सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 5 मई से 10 मई तक जिले के 01 वर्ष से 19 वर्ष आयु वर्ग के 3 लाख 11 हजार 89 बच्चों एवं किशोरों को एल्बेंडाजॉल गोली दी जाएगी। इनमें विखं मुंगेली के 1 लाख 10 हजार 491, विखं लोरमी के 1 लाख 21 हजार 854 और विखं पथरिया के 78 हजार 744 बच्चे शामिल हैं। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम राजस्व, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आनंद मांझी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश्वर खैरवार और अस्पताल सलाहकार सुरूभि केशरवानी मौजूद थीं।

राशन को तौलाकर सामग्रियों की मात्रा का लिया जायजा

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिला मुख्यालय स्थित उचित मूल्य दुकान रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होने विक्रेता से शासकीय उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न का भण्डारण, वितरण, राशन कार्ड धारकों की संख्या आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसी तरह उन्होने राशन कार्ड धारकों से रूबरू होते हुए राशन की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने राशन सामग्रियों को तौलाकर राशन सामग्रियों की मात्रा का जायजा लिया और प्राथमिकता राशन कार्ड धारक हितग्राही श्रीमति देवती बाई से चर्चा करते हुए उन्हें उपलब्ध राशन, शक्कर और नमक आदि की मात्रा के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जारी अन्त्योदय, प्राथमिकता, एकल, निराश्रित एवं निःशक्तजन राशनकार्डों पर विगत माह अप्रैल से माह सितम्बर 2022 (06 माह) के लिए खाद्यान्न का नियमित एवं अतिरिक्त आबंटन जारी किया गया है।

कलेक्टर ने जपं व नपं में नियमित साफ-सफाई के दिए निर्देश

मुंगेली। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने शुक्रवार को जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत कार्यालय लोरमी का दौरा किया। उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय और नगर पंचायत कार्यालय के नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे सरपंचों ने कलेक्टर डॉ. सिंह ने मुलाकात की और निर्माण कार्यों में होने वाली परेशानियों को बताया। डॉ. सिंह ने सरपचों को नियमानुसार निराकरण करने की बात कही। इस अवसर पर जिपं के सीईओ डीएस राजपूत, लोरमी के एसडीएम राजस्व श्रीमती मेनका प्रधान मौजूद थी।

अरपा साडा समिति की बैठक संपन्न

बिलासपुर/नवप्रदेश। शुक्रवार को संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में संभाग कार्यालय बिलासपुर में अरपा साडा समिति की बैठक हुई। बैठक में भूमि उपयोग परिवर्तन किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। गौरतलब है कि चांटीडीह स्थित शिव प्रसाद प्रजापति की भूमि को बिलासपुर विकास योजना 2001 तथा अरपा साडा उपयोग नियम 2013 के अनुसार खुली भूमि मार्ग एवं वाणिज्यिक उपयोग के लिए दर्शाया गया था लेकिन विकास योजना 2033 में यह भूमि त्रुटिवश आमोद-प्रमोद के रूप में दर्ज हो गई। इसी प्रकार तोरवा स्थित नसीम खान की भूमि अरपा विकास योजना 2033 में त्रुटिवश रेलवे उपयोग के लिए दर्ज हो गई थी। बैठक में हुए निर्णय के अनुसार उक्त भूमि उपयोग को नियमानुसार परिवर्तन के लिए समिति ने अनुशंसा की। बैठक में बिलासपुर कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर, जिला सीईओ हरीस एस, ननि आयुक्त अजय त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ सिंह ने किया ग्रन्थालय मुंगेली का निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज जिला मुख्यालय मुंगेली के बी. आर. साव शासकीय बहु. उच्च. माध्य. विद्यालय परिसर स्थित जिला ग्रन्थालय का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहां विद्युत व्यवस्था, स्टॉफ की संख्या, ग्रन्थालय खुलने का समय, सदस्यों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला ग्रन्थालय में नियमित साफ सफाई कराने और वाटर कूलर व कम्प्यूटर की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रन्थालय में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही ग्रन्थालय की सदस्य सुश्री निकिता रूपवानी से भी ग्रन्थालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में चर्चा की। सुश्री निकिता ने बताया कि ग्रन्थालय में सुविधा काफी अच्छी है। पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण मिलता है। प्रतियोगी परीक्षा से सम्बन्धित पुस्तकें भी उपलब्ध हैं। जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में काफी सहूलियत होती है। कलेक्टर ने जिला ग्रन्थालय में पर्याप्त पेयजल हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को बोर खनन कराने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने ग्रन्थालय परिसर में बाउंड्री वॉल के लिए कार्ययोजना बनाने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। जिला ग्रन्थालय प्रभारी श्री बी. एस. श्रीवास्तव ने बताया कि जिला ग्रन्थालय प्रतिदिन सोमवार से शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 05.30 तक संचालित होता है। वर्तमान में सदस्यों की संख्या 70 है। ग्रन्थालय में प्रतियोगी परीक्षा सहित विभिन्न विषयों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी एवं मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत, जिला शिक्षा अधिकारी सतीष पाण्डेय सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने किया स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण

■ **शाला में पूर्ण कवरेज के लिए सीसीटीवी कैमरे की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश**

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा कार्यभार ग्रहण करते ही जिले का लगातार भ्रमण कर शासकीय योजनाओं- कार्यक्रमों के साथ-साथ निर्माण कार्यों एवं नागरिक केन्द्रित सेवाओं की उपलब्धता का जायजा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने आज जिला मुख्यालय मुंगेली के दाऊपारा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाला भवन के प्राथमिक विभाग के कक्षों, प्राचार्य कक्ष, कार्यालय, स्टॉफ कक्ष, कम्प्यूटर लैब एवं केमेस्ट्री लैब आदि का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने शाला में पूर्ण कवरेज के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे की संख्या को बढ़ाने एवं मंच के सामने स्थित खाली स्थल का सौंदर्यीकरण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के प्राचार्य डॉ. आई. पी. यादव को निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब से गरीब बच्चों को निजी स्कूलों की तरह सुविधाएं मिले। वे भी अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर भावी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। इसके लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल की स्थापना की गई है। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी एवं मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत, जिला शिक्षा अधिकारी सतीष पाण्डेय उपस्थित थे।

कृषि पंप कनेक्शनधारियों की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने का आदेश

■ **सिंचाई पंप फीडरों में अब 18 घंटे विद्युत सप्लाई होगी**

बिलासपुर/नवप्रदेश। कृषि पंप कनेक्शनधारी व आम उपभोक्ताओं से मिली शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाएगा। इस संबंध में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। दरअसल कुछ क्षेत्रों में बिजली सप्लाई को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतें आ रहीं है। यह बात भी सामने आई कि कंपनी द्वारा शिकायतों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। कृषि पंपों में छह की जगह नौ घंटे की बिजली कटौती संबंधी शिकायत मिलने के बाद छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के बिलासपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एसके दुबे ने बताया प्रकरण की जांच कराई।

कृषि पंप कनेक्शन के फीड़रों में 5 से रात्रि 11 बजे तक ही बिजली बंद

बिलासपुर वृत्त के अंतर्गत कार्यपालन यंत्री संभाग बिलासपुर, मुंगेली तथा पेंड्रारोड़ से उपलब्ध जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा जारी नियमानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित कृषि पंप कनेक्शन के फीड़रों में शाम पांच बजे से रात्रि 11 बजे तक ही बिजली बंद की जाती है। इसके अतिरिक्त बिजली बंद नहीं की जा रही है। तकनीकी एवं प्राकृतिक कारणों से कभी-कभी विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है जिसे त्वरित सुधार लिया गया है। वर्तमान में इस तरह की दिक्कत किसी भी क्षेत्र में नहीं है। यदि आती है तो उपभोक्ताओं को तत्काल इसकी सूचना देनी चाहिए। कंपनी द्वार इसकी लगातार अपील भी की जाती है। मालूम हो कि अभी बिजली की खपत बढ़ गई है।

तकनीकी खराबी से सप्लाई होती है प्रभावित

इसलिए बिजली में कभी तकनीकी खराबी आ जाती है। इसकी वजह से सप्लाई प्रभावित होती है। इस तरह की दिक्कत न इसके लिए कंपनी का मैदानी अमला पूरा प्रयास भी करता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कृषि पंप कनेक्शनधारी एवं आम उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। किसी तरह की शिकायतें नहीं आनी चाहिए। अधिकारियों ने भी आश्वस्त किया किया उपभोक्ताओं की सुविधा का ख्याल रखा जाएगा और विद्युत संबंधी परेशानी को सुनने के साथ उसके निराकरण का प्रयास किया जाएगा। उपभोक्ताओं से कंपनी का सहयोग करने की अपील भी गई।

नगरी दुगली के पास पिकअप पलटी

नगरी/नवप्रदेश। मछली वाहन जो कि धमतरी से नगरी की ओर आ रही थी ग्राम दुगली के पास पिकअप के सॉफ्ट टूटने की वजह से वाहन पलट गई। वाहन पलटने के बाद वहां भीड़ इकट्ठा हो गई उस पिक-अप में जिंदा मछली भरा हुआ था। जब तक लोग संभल पाते कुछ बच्चे व ग्रामीण दो चार मछलियां उठाकर ले गए,फिर वहाँ नियंत्रित किया गया और आनन-फानन में ग्रामवासी इकट्ठे होकर के उनकी मदद करने लगे, फिर वाहन को खड़ी किए और मछली जो बिखरा हुआ था उसे इकट्ठा करने में मदद की है इस घटना में किसी को हताहत की कोई घटना नहीं हुई है चालक और कडे क्टर सभी सही सलामत है।

तूफान से टूटे बिजली के तार

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी रोड में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने पेड़ गिरने के कारण तार टूट गया है, चुरिया पारा मे तार पर पेड़ गिरा साथ ही सांकरा रोड में भी पेड़ गिरने के कारण तार टूट गया है, एवं पोल भी टूट गया है। सप्लाई आने में लगभग 2 से 4 घंटा समय लग सकता है। और कई ऐसे जगह भी है, जँहा नुकसान हुआ है,आये दिन अचानक मौसम दोपहर के बाद तेज आधी तूफान के साथ हलके बारिश में हुए कई जगहों पर बिजली तार टुटा और खम्बे टूटा नुकसान हुआ है विभाग द्वारा अतिशीघ्र व्यवस्थित कर सप्लाई चालू कराने के विभाग के कर्मचारी मरम्मत के लिऐ लगे है।

बूथ विस्तार के लिए निकल पड़े विस्तारक

नगरी/नवप्रदेश। अपना बूथ सबसे मजबूत उद्देश्य को लेकर श्रध्येय श्री कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी कार्य विस्तारक योजना के तहत मंडल बेलरगांव के अंतर्गत शक्ति केंद्र घोटगांव प्रभारी रामगोपाल साहू, साइबर प्रभारी राकेश पटेल और सहयोगी महामंत्री हृदय साहू एवं बेलरगांव पूर्व मण्डल अध्यक्ष चन्द्रशेखर आडिल के साथ अपने शक्ति केंद्र मे पहुंच कर प्रमुख वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात किए एवं उन्हें केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी, बूथ विस्तार के लिए चर्चा किए और साथ में 16 मई को जेल भरो आंदोलन के संबंध में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। बूथ बटनहर्रा में शक्तिकेन्द्र सह संयोजक इतवारी राम साहू जी एवं महेश नेताम, हरीश चंद्र साहू, नरेंद्र समुंद, अमरसिंह ध्रुव, खिरभान बिसेन व बूथ घोटगांव में शक्ति केंद्र प्रभारी कोमल पटेल, भगवान सिंह मरकाम, अघनूराम साक्षी, भागवत प्रसाद सरोज, बूथ अध्यक्ष गैंदराम तेता, ललित कश्यप एवम प्रमुखों से मुलाकात किये।

टीएस सिंहदेव का हेलीपेड में किया गया आत्मीय स्वागत

कांकेर/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव का कांकेर पहुंचने पर नगर सेना हेलीपेड सिंगारभाट में अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री नितिन पोटाई, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमन्त ध्रुव, उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा सलाम, श्रीमती सियो पोटाई, जिला पंचायत सदस्य नवली मीना मण्डावी, नरोत्तम पडोटी, बसंत यादव सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के अधिकारियो द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। श्री सिंहदेव के साथ श्री पीयूष कोसरे एवं श्री कोकोपाढ़ी भी हेलीकाप्टर से कांकेर पहुंचे थे।

ढ़ोल-नगाड़ों के साथ किया सीएम का स्वागत

रामानुजगंज/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रामानुजगंज प्रवास को लेकर एनएसयूआई एवं युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर था जैसे ही भूपेश बघेल का काफिला नगर सीमा में प्रवेश किया वैसे ही जबरदस्त आतिशबाजी ढोल नगाड़ा के साथ मुख्यमंत्री स्वागत किया गया। वही नगर के भारत माता चौक पर युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई के द्वारा अनोखे तरीके से मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए हाइड्रा के माध्यम से विशाल फूलों की माला मुख्यमंत्री प्रभारी मंत्री एवं विधायक को पहनाया गया। अपने स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री ने भी युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।

नगर में तो जगह-जगह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया गया वहीं सबसे चर्चा भारत माता चौक की रही यहां युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत की जबरदस्त तैयारी की गई थी यहां पर हाइड्रा के माध्यम से विशाल फूलों की माला मुख्यमंत्री प्रभारी मंत्री एवं विधायक को पहनाया गया। यहां युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के द्वारा छोटा स्टेज भी निर्माण किया था जिस पर मुख्यमंत्री प्रभारी मंत्री एवं विधायक खड़े होकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। एनएसयूआई नेता राहुल जीत सिंह के नेतृत्व में हाइड्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री को माला बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया था इस दौरान निशांत चौबे, आयुष सोनी, इंतखाब अंसारी सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एनएसयूआई नेता राहुल जीत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा युवाओं के लिए लगातार कार्य कर रहा है जिसका परिणाम यह है कि आज इतनी संख्या युवा उपस्थित हुए।

स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री ने एनएसयूआई युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा शासन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के द्वारा किए गए अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री ने एनएसयूआई युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा जिस ऊर्जा के साथ आप लोगों ने मेरा स्वागत किया इसी ऊर्जा के साथ गांव गांव तक जाएं एवं शासन की योजनाओं से लोगों को अवगत कराते हुए उसका लाभ दिलाएं।

स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर उमड़े लोग

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रामानुजगंज आने की सूचना पर नगरवासी भी उत्साहित थे इसका नजारा तब देखने को मिला जब मुख्यमंत्री का काफिला जैसे ही नगर में प्रवेश किया वैसे ही स्वागत का सिलसिला शुरू हो ही गया वहीं सड़क के दोनों ओर सैकड़ों लोग हाथ हिला कर मुख्यमंत्री का अभिवादन करते दिखे।

गोरेगांव स्कूल में खिलाई दवा

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 5 मई को मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल का वितरण एवं सेवन कराया गया। दिल्ली से स्वास्थ्य विभाग का टीम का आगमन हुआ। डॉक्टर मिनी वलघेस ,डॉ कुणाल पवार ,स्टेज प्रोग्राम रिप्रेसिन्टेटिव (छ0ग0), डॉ आशीष सिंग न्यूट्रिशन इ स्ट्रक्कर, सेक्टर सुपरवाइजर किशोर साहू सर ने बच्चों से रूबरू होते हुए बताया कि 1 से 2 साल तक बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली चम्मच में घोलकर व 3से 19 साल के बच्चों को एक गोली पूरी चबा चबा कर खाने को दिया ।बताया गया कि इस कृमि कुपोषण का मुख्य कारक है। शरीर से खून की कमी होने से कमजोरी और थकान महसूस होती है ।जिससे मानसिक विकास नहीं हो पाता। खुले में शौच से कृमि बाह्य वातावरण में आता है। इनके अलावा नंगे पैर चलने व प्रदूषित हाथो से भी हमारे शरीर में प्रवेश कर कृमि अपना विकास करता है ।इससे शरीर में कुपोषण एवं अन्य बीमारियां होते हैं ।इसके बचाव के लिए शौचालय का प्रयोगकरे, नंगे पैर नहीं चलना चाहिए। पानी व खाने को हमेशा ढक कर रखना। नाखून काटना शौच से आने के बाद हाथ साबुन से धोना चाहिए ।के 0पी0 साहू संकुल समन्वयक संकुल केंद्र अमाली ने भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर प्रकाश डाला ।शेष बचे हुए बच्चे को 10 म ई तक शतत चलेगा। उक्त अवसर पर सी. एच. ओ. संगीता देवांगन ,आर 0एच0ओ 0 खेमिन साहू ,कीर्ति कंवर, प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू ,शिक्षक चंद्रप्रभा साहू, राकेश कोसरिया एवं समस्त छात्रगण उपस्थित थे।

मंदिर पहुंचकर सीएम ने की पूजा अर्चना

रामानुजगंज/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने रामानुजगंज प्रवास के दौरान पहाड़ी मंदिर मत्था टेकने पहुंचे जहां उन्होंने पूज पूजा अर्चना किया। इस दौरान पहाड़ी मंदिर समिति के द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, विधायक बृहस्पत सिंह को स्मृति चिन्ह शाल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। पहाड़ी मंदिर समिति के द्वारा रोपवे की मांग की गई जिसे शीघ्र पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

पहाड़ी मंदिर मत्था टेकने पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नगर पंचायत अध्यक्ष पहाड़ी मंदिर समिति के प्रमुख सुभाष जायसवाल सहित नगर के वरिष्ठ जनों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया वही मंदिर परिसर को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए पहाड़ी मंदिर समिति के लोगों की प्रशंसा भी की इस दौरान पहाड़ी मंदिर समिति के लोगों ने पहाड़ी मंदिर में रोपवे लगाने की मांग की जिस पर भूपेश बघेल ने शीघ्र मांग पूरा करने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले के प्रमुख आस्था के केंद्रों में एक पहाड़ी मंदिर है जहां छत्तीसगढ़ के साथ-साथ बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश के भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचते हैं पहली बार यहां कोई मुख्यमंत्री मत्था टेकने पहुंचे।

विधायक की जमकर प्रशंसा की

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नगर के प्रबुद्ध जनों के साथ पहाड़ी मंदिर में नगर विकास को लेकर चर्चा की इस दौरान सौहार्दपूर्ण माहौल में उन्होंने विधायक की जमकर प्रशंसा की कहा कि आप लोगों की भावनाओं के अनुरूप विधायक कार्य कर रहे हैं वे हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए बात करते हैं। ऐसा जुझारू विधायक आप लोगों के बीच है जो हर समय आपके लिए लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहते है।

गाय का चांदी का प्रतिमा भेंट कर किया गया सम्मानित

पहाड़ी मंदिर समिति के लोगों ने एक स्वर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ में गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य किया जा रहा है गौठान एवं गोबर खरीदी जैसे कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया विधायक बृहस्पति सिंह को दूध पीता बछड़ा एवं गाय का चांदी का प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।

डॉक्टर की खोज में स्ट्रेचर से सड़क पर निकले पीड़ित मरीज के परिजन

■ जिला चिकित्सालय में लड़खड़ाई स्वास्थ्य व्यवस्था

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। जिले का सबसे बड़ा शासकीय जिला चिकित्सालय लंबे समय से पदस्थ चिकित्सको के मनमानी के चलते सफेद हाथी साबित हो रहा है,जिला चिकित्सालय के माध्यम से आदिवासी बाहुल्य जिले के आम जनो को बेहतर स्वास्थ सेंवायें मुहैया कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष करोड़ो रू. व्यय किया जा रहा है,किन्तु जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएं दिनो दिन बेपटरी होती जा रही हैं,कहने को तो जिला चिकित्सालय में 24 घंटे स्वास्थ सेवायें उपलब्ध है किन्तु जब अस्पाताल से चिकित्सक ही नदारत रहेंगें तो रोगियो का ईलाज कौन करेगा?

आपको बता दे कि जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में शुक्रवार को ओड़गी ग्राम के कन्हैया राजवाड़े को दोपहर 12 बजे एक अंग सुन होने के कारण जिला हॉस्पिटल लाया गया किन्तु कोई भी डॉ नही मिलने के कारण लगभग दो घंटे डॉ के नही आने से पीड़ित मरीज के परिजन सटेक्चर लेकर डॉ की खोज में सड़क पर ही निकल गए जो कि ज़िला मुख्यालय में चरचा का विषय बना रहा वही जिम्मेदार इस मामले में कुछ भी कहने से बचते नजर आए ।

जिला चिकित्सालय में दिन भर आसपास एवं दूरांचल ग्रामों के बिमारियो से ग्रसित मरीज इलाज कराने आते हैं, पर डॉक्टरो के न मिलने से निराश हो जाते है। वही आपातकालीन वार्ड से भी चिकित्सक नदारत रहते हैं ,जिससे गंभीर मरीजो को भी डॉक्टर के आने का इंतजार करना पड़ता है। जिला अस्पताल की तमाम व्यवस्थाएं नर्सों के भरोसे चल रही है। कोरोना संक्रमण के दौरान अस्पातालो के हालात सुधारने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा कड़े प्रयत्न किए गये थे जिसका असर भी अब जिला चिकित्सालय में नही दिखाई नही दे रहा है ,एक तरफडिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, स्मार्ट इंडिया, हेल्थ फॉर ऑल, आयुष्मान भारत जैसी विभिन्न योजनाओं के ढोल पीटा जा रहा है वही दूसरी ओर आम लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवा तक उपलब्ध नहीं होना रहनुमाओं को आईना दिखाने के लिए काफी है। लापरवाह व हांफते हुए सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते मजबूरी में लोग झोलाछाप डॉक्टरो व सरकारी चिकित्सको के निजी दवाखाना के साथ निजी डॉक्टर के शरण में जाने पर मजबूर हैं।

जनप्रतिनिधि व कद्दावर नेता मौन

जिले समेत क्षेत्र के तमाम राजनीतिक दलो के स्वघोषित दिग्गज नेता जिनकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर होती है वह भी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने में मोन हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पर पदस्थ डॉक्टर ड्यूटी के दौरान चैंबर एवं वार्डों से ही गायब रहते है। डॉक्टरों की मनमानी कार्यप्रणाली का खामियाजा ग्रामीण क्षेत्रो से उपचार कराने आये भोले भाले आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधार कराने में प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियो के द्वारा समुचित पहल नही की जा रही है। सत्ताधारी पार्टी के कददावर नेता एवं क्षेत्रीय सांसद समेत प्रभारी मंत्री के द्वारा कई बार दौरा किया गया है फिर भी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमराई हुई है। जिला चिकित्सालय विधायक,सांसद और जिला प्रशासन के लिए फोटो शेषन पॉईंट बनकर रह गया है,जब भी कोई नेता मंत्री आते है तो निरीक्षण और निर्देष की औपचाकिता पूर्ण कर अखबारों की सुर्खियो में बने रहते है। अनेको दफा बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुधार को लेकर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देषित किया गया है किंतु जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएं दिनो दिन बद से बदत्र होती जा रही है।

हीलाहवाली रवैये का असर सीधे स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ रहा है। सुस्त कार्यप्रणाली के चलते पदस्थ डॉक्टर कर्तव्यो को दरकिनार करते हुए मनमानी पर उतारू है। डॉक्टर अपने निवास स्थान में ही डयूटी कर रहे है, जब एक डॉक्टर डयूटी के दौरान चैंबर एवं वार्डो में बैठने के बजाए अपने स्वयं के निवास स्थान में बैठकर डयूटी कर रहे थे। जॅहा पर पीड़ित मरीज एवं परिजनों के द्वारा ओपीडी पर्ची लेकर ईलाज कराने सटेक्चर से जिले के मुख्य सड़क से होते हुए डॉ के निवास पहुँच गए।

कार्य विस्तारक योजना हेतु भाजपा की बैठक संपन्न

कांकेर/नवप्रदेश। 6 मई को भाजपा के शक्ति केंद्र राजापारा में कार्य विस्तारक योजना को लेकर कार्यकर्ताओं एवं संगठन अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव सहित अनेक विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने वाली बात मुख्य थी। बैठक में संगठन विस्तारक कांकेर ग्रामीण अध्यक्ष नारायण पोटाई, शक्ति केंद्र संयोजक श्रीमती मीरा सलाम ,साइबर विस्तारक बूथ अध्यक्ष श्रद्धेश चौहान, बूथ पालक अजय पप्पू मोटवानी सचिव करण नेताम, बी एल ए जितेंद्र प्रताप देव, धर्मेंद्र देव, सदानंद साहू, गोपाल पटेल, रवि पटेल एवं अन्य सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इन दिनों भाजपा अपने पितृ पुरुष स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे जी की शताब्दी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है।जिनका भार मुख्यतः पार्टी के युवा सदस्य उत्साह पूर्वक उठा रहे हैं। बैठक में सांसद प्रतिनिधि, पूर्व पार्षद एवं बूथ पालक अजय पप्पू मोटवानी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते कहा कि आगामी चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दीजिए और हम सब मिलकर पार्टी को मजबूत बनायेंगे । इस हेतु जो भी निर्देश पार्टी हाईकमान से प्राप्त होंगे।

कार्यालय लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पण्डरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) Email : Lspsskm@gmail.com

// ई-निविदा सूचना // Contact No. 07987900070. 09907575796

ई-निविदा सूचना क्रमांक 98988, 98996, 99007 दिनांक 05/05/2022

2500 टी.सी.डी. शक्कर कारखाना पण्डरिया में ई- निविदा सूचना क्रमांक 98988 (विभिन्न इंजीनिरिंग सामग्री क्रय), निविदा सूचना क्रमांक 98996 (पुनः निविदा शुगर स्क्रेपिंग एवं धुलाई कार्य) एवं निविदा सूचना क्रमांक- 99007 (मिल रोलर रिसेलिंग कार्य, ट्रस प्लेट, स्क्रेपर प्लेट क्रय) हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मों/ निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर अलग-अलग ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रु. (1000/- रु.+311/- रु. चिप्स के द्वारा लिए जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) में फार्म Upload किया जाना है।

निविदा की शर्तें व नियम निविदा प्रपत्र कारखाने के वेबसाइट www.Lspssk.co.in में भी अवलोकन कर सकते हैं।

महाप्रबंधक (प्रशा.)

कार्यालय संचालक अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर (छ.ग.)

Email-diraabr@gmail.com

// संक्षिप्त निविदा की सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2022 के लिए संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर अंतर्गत कानन पेण्डारी जूलॉजिकल गार्डन, बिलासपुर नन एवं नन हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित फर्म से मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र/ फार्म संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर के कार्यालय से इस निविदा के प्रकाशन होने के दिन से प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म कार्यालयीन समय में आवेदन प्रस्तुत कर 500 रुपए में राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व, बिलासपुर के नाम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी कारणवश निविदा सफल नहीं होती है तो आगामी निविदा का निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है -

क्रं.	विवरण	प्रथम निविदा तिथि	द्वितीय निविदा तिथि	तृतीय निविदा तिथि
1	2	3	4	5
1	निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	10.06.2022 12.00 PM तक	27.06.2022 12.00 PM तक (अगर पहली निविदा असफल हो तो)	13.07.2022 12.00 PM तक (अगर दूसरी निविदा असफल हो तो)
2	निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	10.06.2022 03.00 PM तक	27.06.2022 03.00 PM तक (अगर पहली निविदा असफल हो तो)	13.07.2022 03.00 PM तक (अगर दूसरी निविदा असफल हो तो)
3	निविदा फार्म खोले जाने की तिथि एवं समय	10.06.2022 0.400 PM	27.06.2022 0.400 PM (अगर पहली निविदा असफल हो तो)	13.07.2022 04.00 PM (अगर दूसरी निविदा असफल हो तो)

जी-90872/3

संचालक
अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व
बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, चाम्पा संभाग चाम्पा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक -2700/NIT-4/2022-2023/व.ले.लि. चाम्पा, दिनांक 04/05/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 13/05/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 19/05/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 20/05/2022 अपरान्ह 11.30 बजे तक
इस कार्य हेतु प्रत्येक के लिए 31/12/2022 तक वर्षा ऋतु सहित है,
ठेकेदार की श्रेणी ''अ'' से ''द'' वर्ग है एवं निविदा प्रपत्र की कीमत रु. 750.00 है।

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
4 T0032	White washing colour washing & Distempering work of Residential & Non Residential building under District Administration bids at Sakti Sub. Dn. Sakti प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00
4 T0033	White washing colour washing & Destempering work of Residential & Non Residential building Police Deptt. and Judicial Deptt. under Sakti Sub. Dn. Sakti प्रथम आमंत्रण	15.00 11250.00 225000.00
4 T0034	White washing colour washing & Destempering work of Residential Non Residential building Health deptt. Education Deptt. & other Govt. deptt. under sakti Sub Dn. Sakti प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00
4 T0035	White washing colour washing & Distempering work of Residential Non Residential building District Administrative deptt under janjgir Sub Dn. प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00
4 T0036	White washing colour washing and Distempering work of Residential & Non Residential building work of Police deptt. & Judicial deptt. under janjgir Sub Dn. Janjgir प्रथम आमंत्रण	15.00 11250.00 225000.00
4 T0037	White washing colour washing & Distermpering work of residential & Non Residential building Health deptt. Education deptt. & other Fovt. deptt. under Janjgir Sub Dn. Janjgir प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00
4 T0038	White washing colour washing & Disterming work of residential & Non residential building of District Administration Deptt., Police Deptt. Judicial Deptt. Helath Deptt. Education Deptt. & other Govt. Champa Sub Dn. Champa प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00
4 T0039	White washing colour washing & Distempering work of residential & Non Residential building work of District Adiministrative deptt., Police Deptt. Judical deptt., Health deptt., Education deptt & other Govt. deptt. under Pamgarh Sub Dn. Pamgar Psmgarh Sub Dn., Pamgarh प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-90857/4

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
चाम्पा संभाग चाम्पा (छ.ग.)

महापौर जी! आपके ब्रांड एम्बेसडर तो फिसड्डी निकले

3 महीने में 54 में से सिर्फ 3 ब्रांड एम्बेसडर निकले स्वच्छता की अलख जगाने

नरेश सोनी

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग विधायक अरूण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल की मंशा को पलीता लग गया है। करीब 3 महीने पहले नगर निगम ने जोर-शोर से कुल 54 ब्रांड एम्बेसडर बनाए थे, इनमें से महज 3 लोगों ने ही जमीनी स्तर पर स्वच्छता की अलख जगाने का छिटपुट काम किया है। बाकी के सभी अपने-अपने घरों में या कामकाज में व्यस्त हैं। नगर निगम की मंशा थी कि ये ब्रांड एम्बेसडर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे, लेकिन विडंबना है कि जो स्वयं जागरूक नहीं हैं, उन्हें स्वच्छता अभियान की मशाल थमा दी गई। हालांकि कई लोग ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने के पीछे राजनीतिक कारण भी देखते हैं। विधायक वोरा की मंशानुसार महापौर धीरज बाकलीवाल ने फरवरी में 54 लोगों को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया था। तब यह आरोप भी लगे थे कि कई आपराधिक किस्म के लोगों को भी ब्रांड एम्बेसडर बना दिया गया है। पिछले 3 महीने की कार्यप्रणाली को देखें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि इन ब्रांड एम्बेसडरों के पास शहर के स्वच्छता अभियान को लेकर कोई विज़न नहीं है। जो कुल जमा 3 लोग कभी-कभार स्वच्छता की मशाल थामकर निकलते हैं, वे भी बहुधा पॉलीथिन पर ही फोकस कर रहे हैं। जबकि शहर की स्वच्छता के

लिए सिर्फ पॉलीथिन से मुक्ति के अलावा भी ढेरों विकल्प है। यदि प्रत्येक ब्रांड एम्बेसर एक-एक समस्या को पकड़ लेता तो शायद स्वच्छता अभियान में शहर पहले नम्बर पर होता। किन्तु महापौर द्वारा बनाए और विधायक द्वारा बनवाए गए ब्रांड एम्बेसडर सिर्फ नगर निगम के व्हाट्सएप ग्रुप तक ही सीमित होकर रह गए हैं। इस ग्रुप की स्थिति यह है कि ब्रांड एम्बेसडर इसमें राजनीतिक प्रचार-प्रसार करने लगे हैं। यानी इस स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर दुर्ग नामक ग्रुप का उपयोग सिर्फ आकाओं को खुश करने के लिए हो रहा है। इसके चलते नगर निगम के स्वच्छता अभियान को सर्वोच्चता पर ले जाने की मंशा धरी की धरी रह गई है। दुर्ग में अब भी स्वच्छता सर्वेक्षण चल रहा है। निगम आयुक्त हरेश मंडावी की सक्रियता के चलते शहर को सुसज्जित और व्यवस्थित करने की कोशिशें खूब हुई है। शहर के प्रत्येक वार्ड में इसका साफअसर दिख भी रहा है। खुद निगम आयुक्त टीम लीडर के रूप में सुबह से ही मोर्चा संभाल लेते हैं। उनकी इसी कार्यप्रणाली के चलते निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों में भी सक्रियता बढ़ी है, किन्तु श्री मंडावी को भी खुलकर काम करने की आजादी नहीं है। उन पर कई तरह के राजनीतिक दबाव हैं। इस पर ब्रांड एम्बेसडरों का फिसड्डी रहना भी एक बड़ी समस्या है। निगम के ही जानकारों का मानना है कि ज्यादातर वीआईपी मानसिकता के लोगों को ब्रांड एम्बेसडर बनाने की वजह से ही निगम की मंशा को पलीता लगा है। नगर निगम में दो चरणों में ब्रांड एम्बेसडर बनाए थे। इनमें डॉक्टर, खेलकूद, समाजसेवा, राजनीति और पत्रकारिता से जुड़े लोगों के साथ ही सोशल मीडिया में एक्टिव लोग भी शामिल हैं। इनमें से एक डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही ने पॉलिथीन को लेकर सबसे पहले जागरूकता अभियान चलाया था। डॉ. पाणिग्रही का यह अभियान लगातार चल भी रहा है। उनके अलावा नमिता शर्मा व उर्वशी साहू जैसी महिलाएं भी सड़क पर उतरीं। इन्होंने भी पॉलिथीन और स्वच्छता पर ही जोर दिया। इन तीन लोगों के अलावा कोई भी न घर से निकला, न स्वच्छता अभियान की मशाल थामी।

रोजी-रोटी छोड़कर कैसे निकले

नगर निगम द्वारा स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाए गए एक युवा का साफ कहना था कि वे रोजाना कमाने-खाने का काम करते हैं। ऐसे में रोजी रोटी छोड़कर स्वच्छता के लिए निकलने का सीधा-सीधा मतलब परिवार को भूखे मारना होगा। एक ओर जहां विधायक व महापौर ने ज्यादातर एयरकंडिश्नरों में रहने वालों को ब्रांड एम्बेसर बनाया है, तो इनमें कुछेक गरीब और निम्न आय वर्ग के लोग भी शामिल हैं। ऐसे लोगों को ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने के पीछे क्षेत्र में उनका जनाधार भी है, जो आने वाले दिनों में राजनीतिक फायदा पहुंचा सकता है। हालांकि ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने का मकसद आम लोगों को सफाई का महत्व समझाना और उन्हें जागरूक करना है। तीन महीने पहले जब ब्रांड एम्बेसडरों की नियुक्ति की गई थी, तब दावा किया गया था कि इससे नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आएगी, लेकिन अब तक ऐसा कुछ इसलिए नहीं हो पाया है, क्योंकि ब्रांड एम्बेसडर नियुक्ति-पत्र लेकर घरों में बैठे हैं।

रमन ब्लेक कमांडो से घिरे रहते थे, भूपेश जनता से

- रमन सिंह की पत्रकार वार्ता पर कांग्रेस का जवाब
- छत्तीसगढ़ की ट्रेन रद्द होने पर रमन अपना स्टैंड क्लियर करें

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के दौरे पर रमन सिंह का बयान भाजपा की बौखलाहट को प्रदर्शित कर रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश और रमन के दौरे में फर्क, रमन ब्लैक कैट कमांडो से घिरे रहते थे भूपेश जनता से। रमन सिंह 15 साल मुख्यमंत्री रहे विकास यात्रा निकालते थे, विकास यात्रा के नाम पर अपने वैभव का प्रदर्शन करना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहता था। भूपेश बघेल योजनाओं की समीक्षा कर रहे, जनसामान्य से मिल रहे, जनप्रतिनिधियों से मिल रहे है, कर्मचारियों, अधिकारियों से मिल कर समस्याओं की जानकारी एकत्रित कर रहे। रमन सिंह तो 15 साल तक जनता से दूर रहे ब्लैक कैट कमांडो के घेरे में उनसे परिंदा भी नहीं मिल सकता था। आज भी मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद उनसे आम आदमी से दूर भाजपा का कार्यकर्ता भी नहीं मिल पाते है। भूपेश बघेल से बच्चे, बुजुर्ग, आम आदमी, कार्यकर्ता सभी मिल रहे है। सभी की समस्या का निदान कर रहे सरकारी योजनाओं की समीक्षा कर रहे है। रमन राज में सरकारी दफ्तरों में काम करने की संस्कृति समाप्त हो गयी थी, भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में जवाबदेह सरकार चला रहे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार की सफलता असफलता का फैसला सुनाने वाले रमन सिंह कौन होते हैं? यह अधिकार जनता को है। भूपेश सरकार की योजनाएं जनता के जीवन स्तर में बदलाव ला रही। जनता में सरकार की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। 2018 में सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने 4 उपचुनाव जीता, नगरीय निकाय चुनाव के दो चरणों में कांग्रेस जीती, पंचायत चुनाव में भी जनता ने कांग्रेस के प्रत्याशियों को जिताया। यह हार भाजपा के साथ रमन सिंह की भी व्यक्तिगत हार है। हर चुनाव में रमन सिंह स्वयं को भाजपा के चेहरे के रूप में प्रस्तुत किये और जनता ने उन्हें बार-बार नकारा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नान घोटाला, पनामा पेपर घोटाला, डीकेएस घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, पुष्प स्टील घोटाला करने वाले रमन सिंह कांग्रेस सरकार पर काल्पनिक घोटाले का आरोप लगा कर स्तरहीन आरोप लगा रहे। रमन सिंह और भाजपा पिछले सवा तीन साल में कांग्रेस सरकार पर सवा तीन रू. का भी दस्तावेजी आरोप नहीं लगा पाई है जबकि रमन सिंह पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के नान डायरी, पनामा पेपर, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले जैसे दस्तावेजी प्रमाण सामने आये थे। इन आरोपों से अभी तक रमन सिंह बरी नहीं हुये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह में साहस नहीं था कि राज्य की जनता के हित में वे खुले तौर पर छत्तीसगढ़ से रद्द की गयी 45 से अधिक ट्रेनों को पुनः चालू करने की प्रभावी मांग कर सकें। उन्होंने ट्रेनों के बंद होने पर गोलमोल जवाब देकर मोदी सरकार का बचाव किया है। कोयला उत्खनन परिवहन समय पर मोदी सरकार नहीं करवा पाई तो उसका खामियाजा जनता क्यों भुगते?

छत्तीसगढ़िया वाद के सहारे राजनीति करना चाहते हैं भूपेश : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कंगाल, दिवालिया और बेहाल भूपेश सरकार के पास विकास के लिये पैसे नहीं हैं इसलिए सरकार छद्म छत्तीसगढिया वाद की बात कर राजनीति करना चाहती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के केवल गेड़ी चढने से, ट्रेक्टर चलाने से और त्यौहार मनाने से छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान का छद्म आवरण बना है लेकिन प्रदेश का वास्तविक स्वाभिमान जब होगा जब उत्सव गाँवों में मनाये जाएँ और गाँव गरीब किसान सुखी हो। उन्हें मूलभूत सुविधाऐ मिले। छत्तीसगढ़ का वास्तविक विकास भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में हुआ है। भाजपा ने राज्य को विकसित राज्य की सूची में ला खड़ा किया था।

श्री अग्रवाल आज पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार के गो-मूत्र खरीदी की घोषणा भी इसी छत्तीसगढ़िया वाद का हिस्सा है। सरकार 5-7 करोड़ का गोबर खरीदती है और 25 करोड़ विज्ञापन में खर्च कर देती है। ऐसा ही इस खरीदी में भी होगा। नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि 1 प्रतिशत काँग्रेसियो के पास 90 प्रतिशत पैसा जाता है, जबकि 90 प्रतिशत लोगों के पास 10 प्रतिशत पैसा जा रहा है। श्री अग्रवाल ने 10 वी 12 वी क्लास के छात्रों को हेलीकाप्टर की यात्रा कराने की घोषणा पर कहा कि अच्छी बात है लेकिन ज्यादा अच्छा होता कि छात्रों को लेपटाप व सायकिल दे देते जो उनके लिये ज्यादा उपयोगी है।

जमीन का मुआवजा नहीं दिया, रविशंकर विवि की संपत्ति सीज

- कोर्ट के आदेश पर कुलसचिव की कुर्सी-टेबल, टीवी, सोफा कुर्क

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रशासन की मुश्किलें कम नहीं हो रही है। किसानों की जमीन का बढ़ा हुआ मुआवजा भुगतान नहीं करने पर जिला न्यायालय के आदेश पर चल संपत्तियों की कुर्की के लिए टीम पहुंची। टीम ने कुलसचिव कार्यालय की कुर्सी, टेबल, टीवी, सोफा कुर्क किया है। टीम ने अलगी कार्रवाई में विश्वविद्यालय के किसी भवन को कुर्क करने की बात कही है। कुलपति व कुलसचिव की सरकारी गाड़ी पहले ही जब्त हो चुकी है।

बता दें कि 140 किसानों की जमीन खरीदी के मुआवजे का मामला जिला न्यायालय में 2005-2006 में दायर किया गया था। 2017 में इस मामले में बढ़ा हुआ मुआवजा 30 करोड़ रुपये वसूली की डिग्री का आदेश जारी हुआ है। किसानों को मुआवजा देने कोर्ट के आदेश के बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन ने 180 दिन के भीतर मामला निपटाने कोर्ट से समय मांगा था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद कुर्की का आदेश जारी हुआ है। रविशंकर विवि और भू-स्वामियों के बीच करीब 5.16 एकड़ जमीन के मुआवजे को लेकर विवाद है। अतिरिक्त मुआवजे को लेकर 31 किसान कोर्ट गए हैं।

राज्य शासन से मांगी गई राशि

विश्वविद्यालय के कुलपति व कुलसचिव की गाड़ियां पहले ही कुर्क हो चुकी है। अब कुलसचिव के टेबल, कुर्सियों, टीवी, सोफा को सीज किया गया है। कुर्क किए सामान को रविवि के संपदा अधिकारी के सुपुर्द किया गया है और कहा गया है कि जब भी कोर्ट का निर्देश होगा कुर्क सामानों को प्रस्तुत करना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के पास 300 एकड़ जमीन है, लेकिन इतनी बड़ी राशि मुआवजा देने के लिए नहीं है। राशि की मांग राज्य शासन से की गई है, लेकिन शासन से अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। मुआवजे की राशि नहीं मिलने पर कुर्की की कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम में कौन खेल रहा है 15 परसेंट का खेल!

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग नगर निगम में भ्रष्टाचार पूरी पराकाष्ठा पर है। टेंडर लेने और देने का खेल जोर-शोर से चल रहा है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, इसलिए विकास कार्यों के लिए पैसों की कमी नहीं है, लेकिन विकास की आड़ में कई नेता और अफसर जिस तरह से भ्रष्टाचार का खुला खेल रहे हैं, उससे खुद कांग्रेस के ही लोग न केवल शर्मिंदा है, अपितु चिंतित भी है। क्योंकि दुर्ग निगम में कांग्रेस की सत्ता है, इसलिए ज्यादातर ठेकेदार भी कांग्रेस से ही जुड़े हुए हैं। इन कांग्रेसी ठेकेदारों को यह बात बेहद परेशान कर रही है कि आखिर अन्य ठेकेदारों की ही तरह उनके साथ भी 15 से 18 परसेंट का खेल क्यों खेला जा रहा है? कांग्रेस से जुड़े सूत्रों की मानें तो नगर निगम की वर्तमान सत्ता ठेकेदारों से कुल 15 से 18 परसेंट तक वसूल रही है। टेंडर हो जाने के बाद ठेकेदार से सबसे पहले 3 परसेंट सेंशन एमाउंट लिया जाता है। यह 3 परसेंट सीधे नगर निगम के कुछ प्रमुख लोगों की जेब में जाता है। इसके बाद ठेकेदार को समय-समय पर होने वाले भुगतान में से पदासीन नेताओं और अफसरों को ओहदे के हिसाब से राशि देनी होती है। एक कांग्रेसी ठेकेदार के मुताबिक, 15 साल बाद कांग्रेस की प्रदेश में सत्ता आई और 20 साल बाद नगर निगम में कांग्रेस को बैठने का अवसर मिला, लेकिन काम के मामले में अब भी वही पुराना रवैय्या बरकरार है। इस ठेकेदार का कहना था,- भाजपा के शासनकाल में बड़ी मिन्नतों के बाद काम मिलता था, क्योंकि तब ज्यादातर ठेकेदार भाजपा के ही होते थे। लेकिन निगम में कांग्रेस की सत्ता आने के बाद भी कांग्रेस के लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। पहले की ही तरह ऊपर से लेकर नीचे तक के लोगों को रूपए बांटने पड़ रहे हैं। जब तमाम व्यवस्थाएं पहले की ही तरह चल रही है तो हम कांग्रेस या विधायक के प्रति वफादार क्यों रहें? इस संवाददाता ने जब कमीशन के खेल के बारे में पतासाजी की तो कई चौंकाने वाली बातें सामने आई। राजनीति में सुचिता की दुहाई देने वाले कई प्रमुख नेताओं और अफसरों को प्रत्येक ठेके पर बंधी-बुंधाई राशि मिल जाती है। हर महीने दर्जनों टेंडर होते हैं और इन टेंडरों को बांटकर कई लोग बैठे-ठाले लाखों रूपए हर महीने कमा रहे हैं। कुछ प्रमुख लोगों से बात करने पर बताया गया कि कमीशन की इस राशि के कई भागीदार हैं। लेकिन एमआईसी के कम से कम 4 सदस्यों ने किसी तरह का कमीशन मिलने से साफतौर पर इनकार कर दिया। इन एमआईसी सदस्यों का कहना था,- ऊपर के लोगों से बचे तो उन तक कुछ पहुंचे। एक एमआईसी सदस्य ने तो अपने ही विभाग के कार्यों में पूछपरख नहीं होने का आरोप लगाया। नगर निगम के एक जिम्मेदार कांग्रेसी ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा,- निगम की पूर्ववर्ती सत्ता तो ठेकेदारों से 25 से 30 फीसदी तक वसूलती थी। यदि हम 15-18 परसेंट ले रहे हैं तो बुराई क्या है? एक अन्य नेता ने साफकहना था,- ठेकेदार कौन से दूध के धुले नहीं हैं। उनकी कोशिश होती है कि प्रत्येक टेंडर से ज्यादा से ज्यादा माल बना लें। उक्त नेता का कहना था,- इसे कमीशनबाजी और वसूली कहना उचित नहीं है। यह दरअसल एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। ठेकेदार भी खुश.., अफसर भी और नेता भी। आखिर नेता भी तो लाखों रूपए खर्च कर नगर निगम में पहुंचे हैं।

कद्दू कटेगा पर सबको नहीं बंटेगा

एक चलताऊ कहावत है कि कद्दू कटेगा तो सबको बँटेगा। लेकिन इधर, नगर निगम में इस कहावत के निहितार्थ कुछ और ही है। यहां कमीशन रूपी कद्दू कट तो रहा है, लेकिन सबको नहीं बँट रहा। इस संवाददाता को पर्याप्त जानकारी है कि नगर निगम की सत्ता में बैठे किस व्यक्ति को कितना कमीशन मिल रहा है। कि किस अफसर की जेब में कितने रूपए आ रहे हैं। बहरहाल, इस कमीशनबाजी के चलते पूरे शहर में कांग्रेस के लोगों की जमकर किरकिरी हो रही है। एक ओर जहां स्थानीय कांग्रेसी विधायक ने जोर शोर से चुनाव की तैयारियां प्रारम्भ कर दी है तो दूसरी ओर उनकी वरदहस्ती में सत्तासीन नगर निगम में खुलेआम चल रहे कमीशनबाजी का खेल बदनामी का सबब बन रहा है।

विभागीय योजनाओं का करें व्यापक प्रचार

- राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की हुई समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। जिले की प्रभारी सचिव अलरमेलमंगई डी द्वारा आज यहां कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेड क्रॉस सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली गई। उन्होंने राज्य सरकार के प्रमुखता के महत्वपूर्ण बिंदु, योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। प्रभारी सचिव ने अधिकारियों से कहा कि वे फील्ड में जाकर आम जनों से सतर्क संपर्क बनाए रखें। शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को समय सीमा में दिलाना सुनिश्चित करें उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करें ताकि आमजन यह समझ सके कि उन्हें किस विभाग से क्या फायदा मिल सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि अस्पतालों में ठंडा पानी, कूलर आदि की पर्याप्त व्यवस्था हो। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि आर आई एवं पटवारी को फील्ड में भेजें। उन्होंने तहसीलों में अनरजिस्टर्ड प्रकरणों की भी जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण औद्योगीकरण की स्थापना की स्थिति की जानकारी ली तथा पार्कों की स्थापना से सृजित होने वाले अतिरिक्त रोजगार के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारी से कहा कि खरीफ सीजन में धान के बदले अन्य फसलों को बढ़ावा देने के संबंध में आर ए ई ओ को टारगेट दें किसानों से सतत संपर्क बनाए रखकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग के लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने समय-सीमा अंतर्गत निराकृत किए जाने वाले राजस्व प्रकरणों जिसमें विवादित एवं अविवादित नामांतरण, बटवारां, डायवर्सन एवं सीमांकन सहित अन्य आवेदनों की स्थिति, स्लम पट्टों पर भूमि स्वामी अधिकार संबंधी आवेदनों की निराकरण की स्थिति, नजूल, कृषि भूमि, एवं आबादी पट्टों पर भू-स्वामी अधिकार दिए जाने से संबंधित आवेदनों, नजूल भूमि आबंटन/व्यवस्थापान संबंधी आवेदनों का निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति तथा लंबित आवेदनों एवं निर्धारित समय अवधि में निराकरण किए जाने के संबंध में चर्चा की।

नवनियुक्त विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव का किया गया स्वागत

- राज्यपाल के विधिक सलाहकार राधाकृष्ण अग्रवाल को दी गई भावभीनी विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके की अध्यक्षता में आज यहां राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल के विधिक सलाहकार राधाकृष्ण अग्रवाल को विदाई दी गई और नवनियुक्त विधिक सलाहकार राजेश कुमार श्रीवास्तव का स्वागत किया गया। राज्यपाल सुश्री उइके ने राधाकृष्ण अग्रवाल को उनके नये दायित्व (जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर) के लिए शुभकामनाएं दीं और राजेश कुमार श्रीवास्तव का राजभवन परिवार में शामिल होने पर स्वागत किया।

इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि श्री अग्रवाल बेहद ही सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी हैं और पिछले लगभग तीन सालों तक श्री अग्रवाल ने एक अच्छे विधिक सलाहकार के रूप में राजभवन में अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि श्री अग्रवाल ने वंचित वर्गों की बेहतरी के लिए संविधान की मंशा के अनुरूप कार्य किया। सुश्री उइके ने कहा कि आज लोग राजभवन की ओर एक विश्वास के साथ देखते हैं और वे आशा करते हैं कि उनकी समस्याओं का समाधान होगा। यह विश्वास, राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आपसी समन्वय के साथ काम करने का सकारात्मक प्रतिफल है। सुश्री उइके ने कहा कि न्यायाधीश की भूमिका समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है।

हेल्दी रहें बच्चे, खिलाई कृमिनाशक दवा

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल द्वारा 7 वर्षीय मयंक निषाद को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल ने कहाः 'कृमि की दवा खिलाने से बच्चों में होने वाली खून की कमी और कुपोषण में कमी आएगी और एवं इससे बच्चों का मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। इससे बच्चों के संपूर्ण शारीरिक मानसिक विकास में मदद मिलती है। एल्बेंडाजोल टेबलेट 1 से 2 वर्ष के बच्चे को आधी गोली 200 एमजी की पीसकर, 2 से 3 वर्ष के बच्चे को एक गोली 400 एमजी की पीसकर, एवं 3 से 19 वर्ष के किशोर किशोरियों को एक गोली

400 एमजी साफ पानी के साथ चबा कर खिलाई जाएगी, एल्बेंडाजोल की गोली पूर्णतः सुरक्षित है और इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं है।' वहीं इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र डोंगरे ने बतायाः 'स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 5 मई से 10 मई 2022 तक राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस दौरान 1 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों एवं किशोर/किशोरियों को कृमि से बचाने के लिए कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। जिले के लगभग 10.25 लाख बच्चों को इस कार्यक्रम में एल्बेंडाजोल की दवा दी जाएगी । इस वर्ष स्कूल की छुट्टी होने के कारण मितानीन, शिक्षक,और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम द्वारा इस कार्यक्रम के अंतर्गत घर घर जाकर दवा खिलाइ जा रही है।' एनडीडी नोडल डॉ. प्रणव वर्मा ने बतायाः 'शुभारंभ के पूर्व बच्चों को कृमि दिवस कार्यक्रम की वीडियो फिल्म भी दिखाई गई जिससे बच्चों में कृमि के प्रति जागरूकता का संचार हो और वह अन्य बच्चों को भी जागरूक कर कुपोषण को दूर भगाने में अहम भूमिका निभा सके।

कृमि संक्रमण के लक्षण-

कृमि संक्रमण पनपने से बच्चे के शरीर में खून की कमी हो जाती है। वे हमेशा थकान महसूस करते हैं उनकी शारीरिक, मानसिक विकास भी बाधित होती है। बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है।

प्रशिक्षित चालक ही अधिकृत होंगे स्कूल बस चलाने

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में नियंत्रण के विभिन्न उपायों के अनुक्रम में ट्रक-बस सहित अन्य भारी वाहन चालकों का लायसेंस नवीनीकरण प्रशिक्षण के उपरांत ही किया जावेगा। इसी प्रकार शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त होने के उपरांत ही स्कूल बस चलाने के लिये वाहन चालक अधिकृत होगें साथ ही सड़को पर रेड लाईट जम्प, शराब पीकर एवं खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले लोगों के लायसेंस निलम्बन हेतु अनुशंसित लायसेंस धारक का प्रशिक्षण उपरांत ही लायसेंस बहाल करने के निर्देश समस्त क्षेत्रीय/जिला परिवहन अधिकारियों को दिये गये है।

इसी अनुक्रम में छ0ग0 शासन द्वारा सड़क सुरक्षा एवं वाहन चालन कौशल प्रशिक्षण के लिये स्थापित आधुनिक संस्थान, इंस्टिट्यूट ऑफ ड्राइविंग एण्ड ट्रैफिक रिसर्च, जहां विश्व स्तरीय तकनीक का इस्तेमाल करते हुए प्रशिक्षुओं को ऑडियों वीडियों प्रेजेंटेशन एवं वैज्ञानिक माध्यम से संस्थापित आधुनिक ट्रैक

में फील्ड ट्रेंनिंग के माध्यम से बहुत ही रोचक से सड़क सुरक्षा संबंधित सभी आवश्यक पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है, में राज्य पुलिस के 284 यातायात कर्मियों, 148 वाहन चालकों, मंत्रालय/ विभागाध्यक्ष कार्यालयों के 125, स्कूल बसों के 40, भारी वाहनों के 10 एवं 44 प्रशिक्षु वाहन चालकों सहित कुल 651 व्यक्तियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 11 अप्रैल, 2022 को सड़क सुरक्षा परिदृश्य समीक्षा बैठक के दौरान सुधार की शुरूआत घर से प्रारंभ करने का आव्हान करते हुए कहा था कि सड़क दुर्घटनाओं में अमूल्य जीवन की क्षति के साथ-साथ सम्पूर्ण परिवार प्रभावित होता है। शासन के विशिष्ट एवं अति विशिष्ट पदाधिकारियों के सुरक्षित आवागमन के लिए संकल्पित, शासकीय वाहन चालकों का अत्यंत महत्वपूर्ण/संवेदनशील उत्तरदायित्व उनके प्रभारी पदाधिकारी, स्वयं के परिवार के प्रति तथा समाज के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करने का है। इसी अनुक्रम में छ0ग0 राज्य मुख्यालय के महानदी भवन, इंद्रावती भवन सहित समस्त शासकीय कार्यालयों में कार्यरत वाहन चालकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात, वाहन चालन कौशल उन्नयन, यातायात के नवीनतम नियमों तथा सड़क सुरक्षा की जानकारी हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्विभागीय लीड एजेसी (सड़क सुरक्षा), परिवहन विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं मारूती सुजूकी द्वारा संचालित इंस्टिट्यूट ऑफ ड्राइविंग एण्ड ट्रैफिक रिसर्च ग्राम तेंदुआ, नवा रायपुर छ0ग0 द्वारा प्रारंभ किया गया है एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सभी वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है।

सड़क बनी लोगों के लिए मुसीबत, आंदोलन की दी चेतावनी

■ आयरन वेस्ट मटेरियल से भरे ट्रक के नीचे दबकर हुई थी युवक की मौत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। किरन्दुल के वार्ड 18 की सड़क हादसों की डगर बन गई है। यहां वेस्ट मटेरियल लोंगो की जान ले रहा है। वार्डवासियों में इसको लेकर खासा आक्रोश है। ग्रामीणों ने आर्सेलर निप्पॉन मित्तल स्टील कंपनी और ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वार्ड 18 की इस सड़क पर करीब दो घंटे तक चक्काजाम किया। लोगों का कहना है कि डस्ट से लोग परेशान है। इस डस्ट को दबाने के उपाय आर्सेलर निप्पॉन मित्तल स्टील कंपनी पानी डालकर कर रहा है तो कीचड़ हो रहा है। इससे लोग फिसल कर हादसे का शिकार हो रहे। हालांकि ठेकेदार ने किसी तरह ग्रामीणों को समझा कर एक बार फिर आयरन ओर के डस्ट की ढुलाई बहाल करवा ली। आश्वासन दिया कि 15 दिनों के अंदर दूसरी सड़क से डस्ट को लेकर जाएंगे, ग्रामीणों का अपना दर्द है। वे कहते हैं कि यह सड़क खूनी हो चुकी है। अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

आदिवासियों की दर्द भरी दास्तां, मौत

पांच दिन पहले भी एक युवक जिसका नाम मंगू तामो था, वह डस्ट से भरे ट्रक की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ठेकेदार ने इस मामले को निपटाने के लिये मौत की कीमत डेढ़ लाख रुपए लगाई और मामले का पटाक्षेप कर दिया। अब तक 5 लोंगो की जान इसी कंपनी के वेस्ट मटेरियल के

चलते गई है। इसलिए वाहनों की आवाजाही को रोका जाए। इधर इस मामले को लेकर निर्दलीय पार्षद अब्दुल हमीद सिद्दकी ने जिला प्रशासन को तीन बार पत्र लिखा है। बावजूद इसके प्रशासन की नींद नहीं खुली। एसडीएम को फोन भी लगाया लेकिन कोई ठोस कदम आज तक नहीं उठाया गया है। अब कंपनी के खिलाफ आंदोलन की तैयारी की जा रही है।

नहीं पहुंचाया अस्पताल

किरंदुल के ही रहने वाले भीमा राम कड़ती बताते हैं कि ट्रक में दबने के बाद घायल को अस्पताल भी नहीं ले जा गया। उसे दो घंटे तक मौके पर ही रहने दिया। मृतक के बेटे को आ जाने का इंतजार किया गया। इतना ही नहीं इस दौरान उसे पानी भी पिला दिया गया। इसलिए मंगू तामो की मौत हो गई। घटना स्थल से उसे अस्पताल ले जाना भी ठेकेदार ने मुनासिफ नहीं समझा। फि लहाल उसका दाह संस्कार भी कर दिया गया। मंगू आसपास की पांच छह पंचायतों का खेड़ा वड्डे था।

गोपनीय ढंग से निपटा दिया मामला

परिजन का कहना है कि मंगू तामो के पास कोई पहचान पत्र नही था। घरवालों की बात मने तो मंगू ने आधार कार्ड भी नहीं बनवाया था। इस लिए इंश्योरेंस कंपनी से पैसा मिलना मुश्किल था। ठेकेदार से ही जो मुआवजा मिला उसे बैठक के बाद स्वीकार कर लिया गया। इस मीटिंग को भी ठेकेदार ने बड़े ही गोपनीय ढंग से निपटा दिया।

क्या कहते हैं थानेदार

किरन्दुल थाना प्रभारी जितेंद्र ताम्रकर से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि हादसे में युवक की मौत हुई थी। पुलिस शव घर से लेकर आई थी और पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का सबब एक्सीडेंटल है। सूचना ट्रक चालक ने ही दी थी। फिलहाल जांच की जा रही है।

सहायक शिक्षक एलबी को जिला शिक्षाधाकारी ने किया सेवा से बर्खास्त

रायगढ़/नवप्रदेश। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार पूजा अग्रवाल सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला कलगामुड़ा विकासखंड रायगढ़ की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। आदेश में उल्लेख है कि पूजा अग्रवाल 1 मई 2019 से बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं। विकास खंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायगढ़ के विभिन्न पत्रों के माध्यम से संबंधित पूजा अग्रवाल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया था। पूजा अग्रवाल द्वारा किसी प्रकार का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के दिनांक 8 अप्रैल 2022 के प्रतिवेदन के आधार पर पूजा अग्रवाल सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला कलगामुड़ा रायगढ़ जिनकी लगातार अनाधिकृत अनुपस्थिति अवधि 3 वर्ष से अधिक हो चुकी है, छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के आदेश के तहत छत्तीसगढ़ सिविल सेवा अवकाश नियम 2010 के नियम 11 के प्रावधान अनुसार उक्त शासनादेश के परिपालन में पूजा अग्रवाल की निरंतर अनुपस्थिति अवधि 3 वर्ष से अधिक हो जाने के कारण सेवा से त्यागपत्र दिया मानते हुए उनकी शासकीय सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।

5 दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण एवं व्यसन मुक्ति शिविर का होगा आयोजन

किरन्दुल/नवप्रदेश। गायत्री परिवार द्वारा गुरुवार को बैठक आयोजित किया गया जिसमें बालक-बालिकाओं के लिए 05 दिवसीय ग्रीष्मकालीन आवासीय शिविर माता भगवती विद्यालय आश्रम चोलनार में 18 से 22 मई तक आयोजित करने का निर्णय लिया। जिससे युवाओं में अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण हो सकेगा साथ ही श्रेष्ठ आचरण, उत्तम स्वास्थ्य, खान-पान, खेलकूद, सेवा-नाना आदि विषयों पर प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के द्वारा कक्षायें सम्पन्न कराई जाएगी जिससे युवाओं में क्रोध, तनाव, चिड़चिड़ापन, आलस्य, धूम्रपान, मद्यपान जैसे व्यसनों से बचने के लिए एवं स्मरण शक्ति बढ़ाने व स्वस्थ रहने के तरीके व सुझाव दिया जायेगा। गायत्री ग्रामोत्थान सेवा समिति के सचिव कामता डेहरिया ने बताया इस शिविर में सेवा, श्रम, ईमानदारी समझदारी, जिम्मेदारी बहादुरी जैसे आचरणों के लिए प्रेरित किया जाने वाला कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें समापन के दिन बच्चों को उपहार एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान की जाएगी।

झारपारा स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

सूरजपुर/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला झारपारा (पम्पापुर) में गुरूवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक गौतम शर्मा ने सभी अभिभावकों का कोरोना काल में किये गये सहयोग के लिए आभार व्यक्त करने के पश्चात् सत्र 2021-2022 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। गौतम शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम बच्चों के सालभर के मेहनत को दर्शाता है। परीक्षा देने के बाद उसका परिणाम जानने का इंतजार सभी परीक्षार्थियों को बड़ी बेसब्री से होता है। उन्होंने आगे कहा कि परीक्षा में कुछ विद्यार्थी अव्वल आते हैं, जबकि कुछ उनसे पीछे रह जाते हैं। पीछे रहने वाले विद्यार्थियों को अपने-आपको

कम नहीं आंकना चाहिए, बल्कि आगे और अधिक मेहनत करनी चाहिए, ताकि वो भी अव्वल आ सकें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को परीक्षा परिणाम पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही विद्यालय में कक्षावार अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को संकुल केन्द्र कोट के संकुल प्राचार्य कमलकिशोर पाण्डेय एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष बेचन साहू के हाथों प्रगति पत्र देकर और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य कमलकिशोर पाण्डेय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं, क्योंकि सभी ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया हैं। आप सभी अपना-अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े और पूरी मेहनत से अपना लक्ष्य प्राप्त करें।

जल आवर्धन योजना व अस्पताल उन्नयन के लिए सीएम को सौंपा ज्ञापन

रामानुजगंज/नवप्रदेश। जनसम्पर्क अभियान के दौरान बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के प्रवास पर रामानुजगंज पहुंचे सीएम भूपेश बघेल से मुलाकात कर नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अशोक जयसवाल के नेतृत्व में नगर पंचायत के पार्षदों द्वारा ज्ञापन सौंप नगर पंचायत रामानुजगंज को पुनः नगर पालिका बनाने, रामानुजगंज के पेयजल व्यवस्था के लिए स्वीकृत जल आवर्धन योजना एवं 50 बिस्तर अस्पताल का 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन की योजना का शीघ्र क्रियान्वयन कराने, कन्हर नदी को स्वच्छ रखने हेतु स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिवर ट्रिटमेंट प्लान्ट की स्वीकृति, वर्षो से शासकीय भूमि पर काबिज होकर रह रहे भूमिहीन परिवार को उनके जमीन का पट्टा तथा वार्ड 05 और 06 के मध्य

एसडीएम कार्यालय के पीछे स्थित तालाब को स्वच्छ करने की कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान करने सहित अन्य आवश्यक विकास कार्यो को स्वीकृत करने के लिये ज्ञापन सौंपा। रामानुजगंज के जनहितकारी विकास कार्यो के विषय पर नपं अध्यक्ष रमन अग्रवाल के साथ वरिष्ठ पार्षद अशोक जायसवाल, राजनाथ विश्वकर्मा, राजेश सोनी, मुकेश जायसवाल, विजय रावत, अशोक गोड. कौशल जायसवाल, प्रमोद कश्यप, संतोष गुप्ता अनूप कश्यप सनोज दास सहित गणमान्य नागरिकों के प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों ने माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष गंभीरता पूर्वक चर्चा कर विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने एवं बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने का आग्रह किया है, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए अति शीघ्र कार्यवाही किए जाने का भरोसा दिया है।

आंबा कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर दर पर मानदेय दिलाने की गुहार सांसद साय से लगाई

फरसाबहार/जशपुर। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर दर में मानदेय दिलाने की मांग रायगढ़ सांसद गोमती साय से करते हुए ज्ञापन सौंपा। आंबा कार्यकर्ताओं ने सहायिका संघ के जिला अध्यक्ष बेरानादेत तिग्गा के नेतृत्व में सांसद साय से मिले और

उन्हें बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं मानदेय राशि क्रमश 6500, 4500 एवं 3250 है। इससे परिवार चलाने में बहुत ही कठिन हो रहा है। प्रदेश सरकार ने चुनाव घोषणा पत्र में कलेक्टर दर में मानदेय देने का वादा किया गया था। सरकार बनने के साढ़े 3 साल बाद भी 10 हजार मानदेय नहीं मिल रहा।आंगनबाड़ी संस्था का संचालन केन्द्र सरकार व राज्य सरकार दोनों से मिलकर संचालित हो रही है । इसलिए हमारी कार्यकर्ताओं, मिनीकर्ताओं एवं सहायिकाओं बहनों का मानदेय राशि बढ़ाने हेतू राज्य सरकार को पत्र लिखकर हमारी मांग पूरी कराई जाए। इस तपती गर्मी में कोरोना (कोविड -19) काल में जिस तरीके से सूखा पैकेट का संचालन हो रहा था उसी अनुरूप आंगनबाड़ी संचालित करवाया जाए। सांसद को ज्ञापन देने के अवसर पर फरसाबहार ब्लॉक अध्यक्ष रूपनी भगत, ब्लॉक सचिव सलमा तिर्की, ब्लॉक कोषाध्यक्ष असिता खाखा, सेक्टर फरसाबहार अध्यक्ष आशावती भगत एव अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका उपस्थित रहे।

महिलाओं द्वारा बनाए उत्पाद के सामने बड़ी कंपनियों के उत्पाद फीके

■ इमली और बेर के स्वादिष्ट चटपटे आचार भी बना रही महिलाएं

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले की ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे आचार, पापड, मसाले, साबुन एवं अन्य खाने-पीने के सामानों के स्वाद के सामने बड़ी कंपनियों के उत्पाद फीके नजर आ रहे हैं। ग्रामीण महिलाएं स्वसहायता समूह के माध्यम से जुड़कर विभिन्न उत्पादों के निर्माण में लगी हुई हैं। महिलाओं को समूह के माध्यम से स्थानीय स्तर पर एक ओर रोजगार मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर लोगों को खाने-पीने के बेहतर और स्वादिष्ट सामान उपलब्ध हो रहे हैं। विकासखण्ड कटघोरा के अंतर्गत जननी महिला संकुल संगठन धंवईपुर से जुड़ी विभिन्न स्वसहायता समूह की महिलाएं रोजगार सृजन के साथ विभिन्न प्रकार के उत्पाद निर्माण में लगे हुए हैं। क्लस्टर के अंतर्गत मां दंतेश्वरी महिला स्व सहायता समूह जेन्जरा द्वारा आत्मनिर्भरता व महिला सशक्तीकरण का उदाहरण पेश करते हुए मसाला निर्माण का काम किए जा रहे हैं। जिसमे समूह से जुड़ी 10 महिलाएं विभिन्न प्रकार के मसाले शुद्ध रूप से अपने हाथों से तैयार कर रहीं है। इन मसालों में दादी-नानी के हाथों से तैयार मसालों जैसे बेहतर, स्वादिष्ट स्वाद तथा अपनापन है। समूह की महिलाओं द्वारा सामुदायिक निधि के माध्यम से यह

कार्य किये जा रहे हैं। महिलाओं द्वारा उत्पादित सामानों की मांग लगातार बनी हुई है जिससे महिलाओं में उत्साह व्याप्त है। जननी संकुल संगठन की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के आचार आम, नींबू, करौंदा, लहसुन, अदरक, कटहल, मिर्च व सब्जियों के आचार तैयार किये जा रहे है। साथ ही इमली, बेर के भी आचार बनाए जा रहे है। महिलाओं द्वारा बनाए सामानों का स्वाद बेहतर होने के कारण बाजार में आचार-मसालों की अच्छी खपत होती है। संकुल के माध्यम से महिलाओं ने पिछले वर्ष 20 हजार रुपए से अधिक के आचार बेचे थे। महिलाओं ने बताया कि इस वर्ष भी अच्छी आय की संभावना है। सामानों को स्थानीय बाजारों के साथ बिहान प्लाजा कोरबा के माध्यम से भी बेचे जा रहे हैं। जननी महिला संकुल संगठन द्वारा ग्राम संगठन के माध्यम से इसकी मार्केटिंग भी लगातार की जा रही है। इस कार्य में महिलाएं संकुल के साथ समन्वय के साथ काम कर रही हैं। इसी प्रकार जननी महिला संकुल संगठन धंवईपुर कटघोरा अंतर्गत धनरास की महिला स्व सहायता समूह द्वारा मशरूम उत्पादन भी किया जा रहा है। इसके साथ ही महिलाओं द्वारा उत्पादित सामानों के लिए संकुल द्वारा बाजार की व्यवस्था की जाती है। पिछले वर्ष महिलाओं द्वारा 35-40 हजार रूपए का सामान संकुल या समूह के माध्यम से बेचा गया था। समूह की महिलाओं द्वारा सामुदायिक निधि के माध्यम से यह कार्य किये जा रहे है। महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की डिमांड मार्केट में बढ़ रही है।

हल्दी चंदन से बना रही साबुन

समूह से जुड़ी 25 महिलाएं अपने हाथों से शुद्ध रूप से साबुन का निर्माण कर रही है। इन साबुन का निर्माण नूडल की जगह बेस से की जाती है। बेहद कम रासायनिक तत्वों के साथ बनाए जा रहे यह साबुन त्वचा के लिए लाभदायक होते है। इसके अतिरिक्त साबुन को ज्यादा गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिए इसमे केशर, तुलसी, हल्दी,चंदन, गुलाब जल आदि को मिलाकर बनाये जा रहे हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

हेलिकॉप्टर में घूमी स्मृति ...

मिला। मुख्यमंत्री रघुनाथपुरनगर में पहुंचते ही बच्चों के साथ गिल्ली में हाथ अजमाया। वहीं स्कूली बच्चों ने सीएम को घेर लिया और छत्तीसगढ़ की राजकीय गीत अरपा पैरी के धार सुनाया। वहीं एक बच्ची की जिद पूरी करते हुए हेलिकॉप्टर से घुमाया तो स्कूल में बच्चियों की जिद पर उनका टिफिन भी खाया। इसके अलावा मुख्यमंत्री एक बार फिर ऑन द स्पॉट फैसला लेते हुए नजर आये और ग्रामीणों की शिकायत पर पटवारी को तत्काल सस्पेंड कर दिया गया। वहीं नेत्रहीन बहनें रिया व चंदा की आंखों के ऑपरेशन का खर्च सरकार उठाएगी। इसकी घोषणा सीएम ने की।

समस्याओं का तत्काल हो निराकरण : मुख्यमंत्री शुक्रवार सुबह रामानुजगंज में जिले के अधिकारियों से मुलाकात की। चर्चा के दौरान कहा कि अधिकारी किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आम जनता की छोटी-छोटी समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस की कार्यशैली भी लोगों को न्याय दिलाने की होनी चाहिए। त्वरित न्याय से लोगों को संतोष मिलता है। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि राजस्व संबंधी मामलों का त्वरित निराकरण हो और अभिलेख दुरुस्त किया जाए। रिकॉर्ड में विसंगति नहीं होनी चाहिए। लो वोल्टेज की समस्या की जानकारी मिली है, जिसके कई तकनीकी और गैर तकनीकी कारण है, उनका समाधान किया जाए। जहां अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है, वहां इसकी व्यवस्था हो। हुकिंग के माध्यम से बिजली के उपयोग को सख्ती से रोके, इससे लोड बढ़ता है, उपभोक्ताओं को परेशानी होती है और साथ ही राजस्व की भी क्षति होती है। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाएं और कार्यक्रम में सीधे जनता से जुड़े हैं। हाट बाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान हो या अन्य लोकहितैषी योजना सबका लाभ लोगों को मिले।

31 कार्यो का लोकार्पण-शिलान्यास किया : रामानुजगंज में 57.10 करोड़ रूपए की लागत के 31 कार्यो का सीएम ने लोकार्पण-शिलान्यास किया। भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान मुख्यमंत्री कल रामानुजगंज विधानसभा के दौरे के बाद रामानुजगंज पहुंचे थे, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। मुख्यमंत्री ने लगभग 43 करोड़ 46 लाख रूपए की लागत के 13 कार्यो का लोकार्पण किया। उन्होंने लगभग 13 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत के 18 कार्यो का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

राजस्व प्रकरणों ...

एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम भी उनके साथ थे।

बाल हठ के सामने ...

टॉप करोगी, तो तुमको हेलीकॉप्टर में बिठा लेंगे, लेकिन स्मृति जिद पर अड़ गई कि मुझे आपके साथ आज ही हेलीकॉप्टर में बैठना है। बच्ची की मासूम जिद और मनुहार को मुख्यमंत्री टाल नहीं सके और उन्होंने कहा कि तुमको आज ही हेलीकॉप्टर में बिठाएंगे। नन्हीं छात्रा स्मृति की जिद पूरी करते हुए मुख्यमंत्री ने न सिर्फ उसे, बल्कि और भी बहुत से बच्चों को हेलीकॉप्टर से सैर कराई।

सरकार ने उठाया ...

देवी के संग दो नेत्रहीन बेटियां आई थी। मुख्यमंत्री ने कल भेंट मुलाकात में रो रही अनति देवी से कहा था कि आप चिंता ना करें, बच्चों के इलाज के लिए हरसंभव मदद की जाएगी।

बग्गा की गिरफ्तारी...

केजरीवाल के खिलाफ की गई उनकी टिप्पणियों का भी जिक्र है। भाजपा युवा मोर्चा के नेता ने दावा किया था कि पंजाब पुलिस की एक टीम उन्हें गिरफ्तार करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में उनके घर पहुंची थी, लेकिन उन्हें उनके खिलाफ किसी प्राथमिकी की जानकारी नहीं थी।

दंतेवाड़ा में पुलिस...

सूचना पुलिस को मिली थी, जिसके बाद गुरुवार की रात ऑपरेशन लांच किया गया। सर्चिंग करते हुए डीआरजी जवान जंगल में पहुंचे तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों को घेरा है। नक्सलियों के कई बड़े कैडर्स के साथ जवानों की मुठभेड़ अभी जारी है।

कोरोना मृतकों का सही...

डब्ल्यूएचओ के आंकड़े को नकारते हुए कहा कि वह गलत आंकड़ा दे रहा है और भारत सरकार ने जो आंकडा दिया है वह सही है। डब्ल्यूएचओ कहता है कि भारत सरकार ने जो डाटा दिया है वह वास्तविकता से 10 गुना कम है। सरकार यदि डब्ल्यूएचओ तथा अन्य एजेंसियों के डाटा को नहीं मानती है तो उसे इसका कारण बताना चाहिए और तार्किक रूप से कहना चाहिए कि उसका डाटा गलत क्यों है। उनका कहना था कि डब्ल्यूएचओ के डाटा को तर्को के आधार पर नकारा जा सकता है।

फेसबुक यूजर्स को ...

यूजर्स को अपने फ्रेंड की रियल टाइम लोकेशन ट्रैक करने की अनुमति देती है। एक बार इनेबल होने पर, ये फीचर यूजर्स को तब सूचित करता है, जब उनके फ्रेंड उनकी वर्तमान लोकेशन के नजदीक होते हैं। नियर फ्रेंड्स के साथ-साथ फेसबुक वेदर अलर्ट, लोकेशन हिस्ट्री और बैकग्राउंड लोकेशन को भी बंद कर रहा है।

अल-कायदा चीफ ...

की तस्वीर भी दिखाई जाती है। अस-सबाह मीडिया ने इस वीडियो को जारी किया है।

भारत के समर्थन पर यूएई और सऊदी अरब की भी निंदाअल जवाहिरी आर्टिकल 370 हटाए जाने को लेकर जम्मू-कश्मीर की तुलना यरुशलम के इसराइल में विलय से करता है। अल जवाहिरी कहता है- भारत की हिंदू सरकार का कश्मीर को मिलाने का फैसला उन मुस्लिम सरकारों के मुंह पर थप्पड़ जैसा है जो मुस्लिम देशों पर राज करते हैं। अल जवाहिरी आर्टिकल 370 हटाए जाने के फैसले पर मोदी सरकार का समर्थन करने को लेकर सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सरकार की भी निंदा करता है।

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक अ-6/2021-22
ई कोर्ट क्रमांक ...
ग्राम घुठेली प.ह.नं. 51

एतद् द्वारा ग्राम घुठेला के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुजराम आ. स्व. बहनहार जाति गोड़ निवासी घुठेली तहसील व जिला मुंगेली के द्वारा ग्राम घुठेला प.ह.नं. 51 स्थित भूमि ख.नं. 42 रकबा 0.405 हे. भूमि फौती दर्ज हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 09/05/2022 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/ आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/04/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
मुंगेली

OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT SAJA
DIST.- BEMETARA C.G.

Tender Specification No. 156 date 05.05.2022, Tender Form Due date- 27.05.2022, Due for opening on-03.06.2022

SUMMARY SHEET OF LUMPSUM BID PRICE (S.O.R. : 2022-23) FOR THE TENDERED WORKS

SUMMARY SHEET OF LUMPSUM BID PRICE (S.O.R. : 2016-17) FOR THE TENDERED WORKS

Sl. No.	Extimate no & date	Name of work	Dn. District of the jurisdiction of the work	Extt Amount	Tender form fees	E.M. Rs.	
1	76.35A3742 22.0008	Estt. For electrification of ST/LT connection Lt line saja under saja D/C	Saja/ Bemetara	1895048.00	750.00	14300.00	Contract or class A
	TOTAL Rs.			1895048.00			
	TOTAL TENDER VALUE RS.			1895048			

उपरोक्त कार्य की विस्तृत सूची एवं निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

CMO
N.P. SAJA

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

धाकड़ फिल्म मेरी मां को समर्पित: अर्जुन रामपाल

मुंबई (वार्ता)8 बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ने फिल्म 'धाकड़' को लेकर कहा कि यह फिल्म उनकी मां को समर्पित है, यह उन्हें एक सच्ची श्रद्धांजलि देने का प्रयास है। इस फिल्म का गाना 'शी इज ऑन फायर' को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पांस मिला है।

अभिनेता अर्जुन रामपाल ने कहा,÷ मेरी मां ने मुझे अकेले ही पाला है, मुझे बड़ा किया है, इसलिए मुझे जब भी कोई वूमेन सेंट्रिक फिल्म का ऑफर आता है, तो मैं उसे तुरंत हां कह देता हूं। मेरी मां को श्रद्धांजलि देने का यह मेरा एक तरीका है क्योंकि मुझे पता है कि वह कितनी ताकतवर थीं। ÷

अभिनेता ने इस फिल्म में अभिनय करने वाली कंगना रनौत की तारीफ करते हुए कहा,÷ जब धाकड़ की स्क्रिप्ट मेरे पास आई, तब मुझे बता दिया गया था कि यह वूमेन सेंट्रिक फिल्म है और कंगना मुख्य भूमिका में होंगी। मुझे हमेशा से कंगना का काम बेहद पसंद रहा है और मैं उनके साथ काम करना चाहता था। ÷

फ़िल्म 'धाकड़' के ट्रेलर में अभिनेता अर्जुन रामपाल के नए अवतार को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। फिल्म में वह रुद्रवीर के रूप में नज़र आयेंगे, जो जबरदस्त एक्शन करते हुए दिखाई देंगे।

रजनीश घई के निर्देशन में बनी यह फिल्म 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में कंगना रनौत के अलावा अर्जुन रामपाल और दिव्या दत्ता ने अभिनय किया है।

मिर्जापुर फेम दिव्येंदु की 'मेरे देश की धरती' हुई रिलीज

मुंबई (वार्ता)। अभिनेता दिव्येंदु शर्मा की फिल्म 'मेरे देश की धरती' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी। इस फिल्म में ग्रामीण जीवन और युवाओं की बढ़ती समस्याओं को दिखाया गया है। यह फिल्म मनोरंजन के साथ-साथ दर्शकों को एक सामाजिक संदेश भी दे रही है।

इस फिल्म को लेकर अभिनेता दिव्येंदु शर्मा ने कहा,÷ फिल्म मेरे देश की धरती में जिस तरह के विषय को दिखाया गया है, उससे लोगों का ध्यान खींचने की कोशिश की गयी है। यह अपने-आप में बहुत अनूठा है और इस विषय को फिल्मों में कम ही दिखाया जाता है। फराज हैदर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मिर्जापुर वेबसीरीज से लोकप्रियता हासिल करने वाले दिव्येंदु शर्मा के दर्शकों को अपनी ओर खींचने की उम्मीद है।

यह फिल्म आज सिनेमाघरों रिलीज हो गयी। फिल्म में अभिनेता दिव्येंदु शर्मा के अलावा अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका, अभिनेता अनंत विधात और अभिनेता राजेश शर्मा अहम भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्माण कार्निवल मोशन पिक्चर्स के बैनर तले हुआ है।

विनोद तिवारी की 'द कन्वर्ज़न' सिनेमाघरों में हुई रिलीज

मुंबई (वार्ता)। धर्म परिवर्तन और प्रेम विवाह के मुद्दे पर आधारित फिल्म 'द कन्वर्ज़न' शुक्रवार को सिनेमाघरों मे रिलीज हो गयी। फिल्म में अभिनेत्री विंध्या तिवारी और अभिनेता प्रतीक शुक्ला मुख्य भूमिका में हैं।

'द कन्वर्ज़न' फिल्म में एक हिंदू लड़की और मुस्लिम लड़के की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। फिल्म के रिलीज होने से पहले ही इसको लेकर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया था। 'द कन्वर्ज़न' को विनोद तिवारी ने निर्देशित किया है। फ़िल्म में रवि भाटिया, विभा छिब्बर, मनोज जोशी, अमित बहल, सुनीता राजभर, संदीप यादव, सुशील यादव और अन्य कलाकारों ने भूमिका निभाई है। इससे पहले लीक से हटकर बनी फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को लेकर चर्चा-परिचर्चा का दौर शुरू हो गया था।

विद्युत ने फिर बढ़ाया देश का मान, दुनिया के शीर्ष 10 मार्शल कलाकारों में हुए शामिल

मुंबई (यूएनआई)। फिटनेस क्रांति का नेतृत्व करने एवं कलारीपयट्टू को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रसिद्ध भारत के एक्शन सुपरस्टार विद्युत जामवाल ने एक बार फिर देश का मान बढ़ाया है और लगातार दूसरे वर्षों में दुनियाभर के शीर्ष 10 मार्शल कलाकारों की सूची में नाम दर्ज कराया है। इस सूची में अभिनेता जैकी चैन, ब्रूस ली, जेट ली, डोनी येन, टोनी जा, जीन-क्लाउड वैन डेम, चक नॉरिस, वेस्ले स्निप्स और जॉनी ट्री गुयेन के साथ जामवाल का भी नाम दर्ज है। सूची में सबसे कम उम्र के मार्शल कलाकार के रूप में भारत को गौरवान्वित करने जामवाल के प्रशंसक उनके इस उपब्धि का जश्न मना रहे हैं। 'खुदा हाफिज' के अभिनेता कलारीपयट्टू को उसके पूर्व गौरव को दिलाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स भी 2023 तक स्थगित

लुसाने (स्विट्जरलैंड) (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेल संघ (फीसू) ने चीन के चेंगदू में होने वाले विश्व विश्वविद्यालय खेलों को 2023 तक स्थगित करने की घोषणा शुक्रवार को की। फीसू खेल पहले 2021 की गर्मियों में होने वाले थे, लेकिन टोक्यो ओलंपिक के स्थगन के बाद इन्हें भी जून 2022 तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। फीसू के कार्यवाहक अध्यक्ष लियोंज एडेर ने कहा, ÷चेंगदू 2021 को स्थगित करने का फैसला हमारे लिए आसान नहीं था, लेकिन विश्वविद्यालय के एथलीट्स के लिए यही सही फैसला है।

डेफलंपिक्स : वेदिका ने निशानेबाजी में जीता कांस्य

कैक्सियस डो सुल (ब्राजील) (वार्ता)। भारत की वेदिका शर्मा ने मूक बधिर लोगों के ओलंपिक 'डेफलंपिक्स' के पांचवें दिन 10 मीटर राइफल महिला स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जबकि उनकी साथी प्रांजली धूमल ने चौथा स्थान हासिल किया। वेदिका ने गुरुवार को फाइनल मुकाबले में 207.2 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया जबकि यूक्रेन की इना अफोंचेंको ने स्वर्ण और दक्षिण कोरिया की या-जु काओ ने रजत पदक हासिल किया। चौथे स्थान पर रहने वाली प्रांजली धूमल का स्कोर 189.1 रहा। क्वालिफाइंग मुकाबले में वेदिका 538.0 अंक हासिल कर आठवें स्थान पर और उनकी साथी प्रांजली 561.0 अंक हासिल कर पहले स्थान पर रही थीं।

12वीं हॉकी इंडिया नेशनल सीनियर हॉकी में नवप्रीत कौर करेगी पंजाब टीम की कप्तानी

जालंधर (वार्ता)। भोपाल (मध्य प्रदेश) में छह मई से शुरू हुई 12वीं हॉकी इंडिया नेशनल सीनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेने वाली पंजाब हॉकी टीम की कप्तानी नवप्रीत कौर करेंगी। हॉकी इंडिया द्वारा नियुक्त हॉकी पंजाब की तदर्थ समिति के सदस्य ओलंपियन बलविंदर सिंह शम्मी ने शुक्रवार को बताया कि 6 से 17 मई तक भोपाल (मध्य प्रदेश) में अयोजित होनी वाली 12वीं हॉकी इंडिया नेशनल (सीनियर महिला) हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेने वाली पंजाब हॉकी टीम का कप्तान नवप्रीत कौर होंगी जब कि शालू मान (पटियाला) को उप कप्तान बनाया गया है।

टेस्ट क्रिकेट में वापसी जल्दबाज़ी होगी: मोहम्मद आमिर

लंदन (वार्ता)। मोहम्मद आमिर फिर से प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेल रहे हैं। अपने टेस्ट करियर की समाप्ति की घोषणा के ढाई साल बाद, बाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ सफेद रंग के कपड़ों और लाल गेंद के साथ फिर से मैदान पर वापस आ गए हैं। आमिर ने नसीम शाह के स्थान पर इंग्लैंड में ग्लॉस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के साथ करार किया और गुरुवार को इस सत्र का अपना पहला विकेट लिया। आमिर अभी केवल 30 साल के हैं। हालिया समय में आमिर के करियर के बारे में दुनिया भर में यह सवाल लगभग अपरिहार्य बन गया था कि क्या वह सेवानिवृत्ति से बाहर आने पर विचार करेंगे? साउथम्प्टन में उन्होंने कहा, ÷टेस्ट वापसी के बारे में बात करना जल्दबाज़ी होगी। आगे क्या होगा यह आप कभी नहीं बता सकते। चीज़ें बदली जा सकती हैं लेकिन अभी के लिए मैं ग्लूस्टरशायर के लिए खेलते हुए अपने खेल का आनंद ले रहा हूं।÷ आमिर ने पिछले हफ़्ते सरे के ख़िलाफ़ अपनी नई काउंटी

टीम के लिए डेब्यू करते हुए 28 ओवर किए और इस हफ़्ते हैम्पशायर के ख़िलाफ़ पहले दिन के खेल में 21 ओवर किए। इस प्रतियोगिता में उन्होंने अब तक तीन विकेट लिए हैं और वे सभी विकेट पुरानी गेंद से आए हैं।

आमिर ने कहा, 'मैं तीन साल बाद खेल रहा हूं इसलिए एक तेज़ गेंदबाज़ के तौर पर यह आसान नहीं है। मैंने पिछले चार वर्षों में कोई प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन मैं पहले गेम के बाद बेहतर हो रहा हूं और लड़कों की मदद करने और उनके लिए अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा हूं। एक गेंदबाज़ के रूप में अच्छी गेंदबाज़ी करना और सामने से नेतृत्व करना मेरा कर्तव्य है। आमिर जब अपने सबसे बढ़िया फ़ॉर्म में थे तो वह कमाल की स्विंग गेंदबाज़ी करते थे, जो गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाज़ के लिए अंदर लाने के लिए प्रसिद्ध थे। जब उनकी गेंदबाज़ी के बारे में ज़्यादातर बल्लेबाज़ उनकी नवीनता को समझ गए तो वह उन्हें गति के साथ मात देने का प्रयास करते थे। इसके बाद उन्हें स्पॉट फिक्सिंग के लिए बैन कर दिया गया। इसके कारण आमिर पांच साल का नुकसान उठाना पड़ा और जब वह लौटे तो वह पूरी तरह से अलग गेंदबाज़ थे। वह एक ऐसे गेंदबाज़ बन गए थे जिन्होंने गेंद की लाइन और लंबाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए काफ़ी बढ़िया गेंदबाज़ी की। आमिर ने 28 साल की उम्र में कुछ विषम परिस्थितियों में पाकिस्तान क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

कमजोर वैश्विक रुख से सेंसेक्स दो माह के निचले स्तर पर

मुंबई (वार्ता)। अमेरिका में महंगाई को नियंत्रित करने के लिए फेड रिजर्व के ब्याज दरों में तेज वृद्धि के रुख से वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ने की आशंका से हताश निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से आज सेंसेक्स दो माह के निचले स्तर 54835.58 अंक पर आ गया।



इसके साथ ही चीन की शून्य कोविड नीति से आर्थिक विकास प्रभावित होने की आशंका से सहमे निवेशकों की निवेश धारणा कमजोर पड़ने से एशिया समेत अंतराष्ट्रीय बाजार में गिरावट देखी गई। इसके दबाव में बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 866.65 अंक लुढ़ककर दो माह के निचले स्तर 55 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 54835.58 अंक पर आ गया। इससे पूर्व सेंसेक्स 09 मार्च को 54647.33 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 271.40 अंक गिरकर 16411.25 अंक पर आ गया।

बीएसई की बड़ी कंपनियों से अधिक छोटी और मझौली कंपनियों पर बिकवाली का दबाव रहा। मिडकैप 2.06 प्रतिशत टूटकर 23,129.61 अंक और स्मॉलकैप 2.10 प्रतिशत का गोता लगाकर 27,092.41 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3460 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2519 में बिकवाली जबकि 835 में लिवाली हुई वहीं 106 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

पेट्रोल-डीजल के दामों में 30वें दिन भी कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 डालर प्रति बैरल पार करने के बावजूद देश में तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को 30वें दिन भी पेट्रोन-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय

लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.32 प्रतिशत चढ़कर 111.26 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 108.65 डालर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने 40 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है।

कश्मीरी गेट पर लग्स्टो की क्लॉकरूम सुविधा का लाभ ले रहे हैं सैनिक, यात्री

नई दिल्ली (वार्ता)। राजधानी के प्रमुख आवगमन क्षेत्रों में से एक कश्मीरी गेट के पास लग्स्टो (इंडिया का क्लॉकरूम) ने क्लॉकरूम सेवा शुरू की है। इसमें लोगों को किफायती और सुविधाजनक ढंग से समान रखने की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। लग्स्टो ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि कश्मीरी गेट में लग्स्टो की क्लॉकरूम सुविधा में सेनाकर्मियों के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। यह सुविधा 510 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैली है और सप्ताह के सातों दिन 24 घंटों इसका संचालन होता है। सेना के जवानों को स्थानांतरण-तैनाती या छुट्टी के लिए दिल्ली से गुजरना पड़ता है और यह सुविधा उनके लिए लाभकारी होगी।

लग्स्टो क्लॉकरूम में भारी सामान के लिए 5000 रुपये तक के बीमा का भी प्रावधान है।

रेडक्लिफ ने विस्तार के लिए 467 करोड़ रुपये जुटाएं

नई दिल्ली (वार्ता)। देश के अग्रणी डायग्नोस्टिक प्लेटफॉर्म में से एक रेडक्लिफ लाइफ्टेक ने कारोबार में वृद्धि के लिए 467 करोड़ रुपये की राशि हासिल की है। रेडक्लिफने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उसने अपने मौजूदा निवेशकों चिराता वेंचर्स और अल्केमी वेंचर पार्टनर्स के साथ हेल्थक्वाड, श्रोडर्स, एलसी नुएवा, ग्रोथ स्पार्क वेंचर्स की भागीदारी के साथ लीपफ्रॉग इन्वेस्टमेंट्स (लीपफ्रॉग) के नेतृत्व में यह कोष प्राप्त किया।

कंपनी ने कहा कि इस निवेश का उपयोग देश भर में रेडक्लिफ के कारोबार का विस्तार करने के लिए किया जाएगा और इसकी कम लागत लेकिन उच्च गुणवत्ता वाले डायरेक्ट टू कंज्यूमर (सीधे ग्राहक तक) डायग्नोस्टिक्स को टियर 2, 3 और 4 शहरों में विस्तारित करने पर ध्यान दिया जाएगा। इससे लाखों घरों तक, ग्लूकोज से जेनेटिक्स तक सस्ती, तेज और सुविधाजनक पैथोलॉजी सेवाएं प्रदान की जा सकेंगीं।

रेडक्लिफ 14 शहरों में 22 अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं के अपने नेटवर्क में विश्व स्तरीय डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान करता है, जिनमें से कई पहले से ही एनएबीएल मान्यता प्राप्त हैं।

रेडक्लिफ लाइफ्टेक के संस्थापक धीरज जैन ने कहा,''निवारक दवा भारत में स्वास्थ्य का भविष्य है।

एलआईसी के आईपीओ में दूसरे ही दिन मिल गया पूर्ण अभिदान

मुंबई (वार्ता)। भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के सार्वजनिक शेयर निर्गम (आईपीओ) के लिए गुरुवार को ही पूर्ण अभिदान प्राप्त हो गए।

यह आवेदन आम निवेशकों के लिए बुधवार को खुल गया था। दूसरे ही दिन के अंत तक 16.24 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हो गयी थी और इसमें 16.2 करोड़ शेयर जारी किए जाने हैं।

खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों के लिए आरक्षित कोटे में 91 प्रतिशत बोलियां प्राप्त हुयीं थी जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित शेयरों की श्रेणी में 46 प्रतिशत बोलियां मिली थी। इसी तरह एलआईसी के कर्मचारियों और पॉलिसीधारकों के कोटे के शेयरों के लिए क्रमशः 214 प्रतिशत और 302 प्रतिशत आवेदन प्राप्त हुए थे। यह आईपीओ 09 मई को बंद होगा। इसके लिए आवेदन मूल्य का दायरा 902-949 रुपये प्रति शेयर रखा गया है।

खेल

'राहगिरी रिले कार्यक्रमों' में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी होंगे शामिल

'राहगिरी रिले कार्यक्रम' से होगा खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आगाज़

चंडीगढ़ (वार्ता)। खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 को सफल बनाने के लिए इन खेलों से पहले हर जिले में 'राहगिरी रिले कार्यक्रम' आयोजित किए जाएंगे ताकि खिलाड़ियों सहित दर्शकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इन 'राहगिरी रिले कार्यक्रमों' में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने हुनर का प्रदर्शन करने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को भी शामिल किया जाएगा ताकि नागरिक इन खिलाड़ियों से प्रेरित हो सकें।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 को बढ़ावा देने के लिए 'राहगिरी रिले कार्यक्रमों' के एक भाग के रूप में 'धाकड़ ऑन व्हील्स' यानी एक वाहन, जिस पर मशाल व शुभंकर लगा होगा,

राज्य का दौरा करेगा। यह जानकारी हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 के संबंध में सभी उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, खेल विभाग के अधिकारियों और डीआईपीआरओ की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 हरियाणा के लिए एक बड़ा खेल आयोजन है, इसलिए नागरिकों विशेष रूप से युवाओं के बीच इन राहगिरी रिले कार्यक्रमों के माध्यम से जबरदस्त उत्साह पैदा किया जाना चाहिए।इसके अलावा, उपायुक्तों को अपने जिलों में खेलो इंडिया गेम्स-2021 में खेले जाने वाले गतका, कलारीपयट्टू, थांग-ता, मलखंब और योगासन जैसे पांच पारंपरिक खेलों में से कम से कम एक खेल का आयोजन करना चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारियों (डीआईपीआरओ) को निर्देश देते हुए कहा कि खेलो इंडिया गेम्स-2021 की उमंग व उत्साह अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर स्कूली बच्चों तक पहुंचे, इसके लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों के माध्यम से प्रदेशभर में व्यापक प्रचार- प्रसार किया जाना चाहिए। 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021' का आयोजन राज्य सरकार और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में 25 तरह के खेल आयोजित होंगे, जिनमें पांच पारंपरिक खेल जैसे गतका, कलारीपयट्टू, थांग-ता, मलखंब और योगासन शामिल हैं। ये खेल पांच स्थानों पंचकूला, अंबाला, शाहबाद, चंडीगढ़ और दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। बैठक में खेल विभाग के निदेशक श्री पंकज नैन, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ कुलदीप सैनी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में होगा खेलो इंडिया यूथ गेम्स का भव्य आगाज

चंडीगढ़ (वार्ता)। खेलों में नंबर-1 हरियाणा अब खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 के चौथे सीजन की मेजबानी करने जा रहा है। 7 मई को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 की भव्य शुरूआत होगी। लॉन्चिंग सेरेमनी में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर शिरकत करेंगे। हरियाणा विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और खेल व युवा मामले राज्य मंत्री संदीप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में ये खेल शुरू होंगे। इनके अलावा केंद्र व राज्य सरकारों के कई गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति रहेगी।

इस लॉन्च कार्यक्रम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का शुभंकर (मस्कट), लोगो, जर्सी और थीम गीत भी लॉन्च किया जाएगा।खेलों का महासंग्राम कहे जाने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 में 8,000 से अधिक एथलीट्स भाग लेंगे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 को लेकर हरियाणा ने पूरी तैयारी कर ली है। लॉचिंग के दिन भव्य आयोजन करने के साथ ही शानदार खेल इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार किया गया है। खेलों के लिए कई बहुउद्देशीय हॉल, सिन्थेटिक ट्रैक, एथलेटिक ट्रैक का निर्माण किया गया है। इसके अलावा बैडमिंटन हॉल, राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 14 पंचकूला में ऑडिटोरियम का भी निर्माण किया गया है।

टीएस का दावा : छग में फिर सरकार बनाएगी कांग्रेस, गुटबाजी से इनकार

■ **स्वास्थ्य मंत्री के दौरे से विधायक व अफसरों की अनुपस्थिति बनी चर्चा**

कांकेर/नवप्रदेश। शुक्रवार को प्रदेश के स्वास्थ्य एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव कांकेर पहुंचे। इस दौरान सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा की। अपने बस्तर दौरे को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा की सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से किया जा रहा है या नहीं इसकी समीक्षा की जा रही है। पत्रकारों के सवाल पर सीएम भूपेश के साथ अपनी दूरियों को लेकर कहा कि हमारे बीच किसी प्रकार की कोई दूरियां नहीं है और ना ही विवाद। मुख्यमंत्री की जवाबदेही पूरे प्रदेश की होती है। वहां तक पहुंच पाना बेहद मुश्किल है। इसलिए हम सभी को सीएम के आदेश का पालन करना होता है जो जबावदारी दी गई है। उसे निभा रहा हूं। भाजपा में जानें की अटकलों को सिरे से खारिज करते कहा मैं पहले भी भाजपा में नहीं जाने की बात कह चुका हूं और आगे भी भाजपा में जाने का सवाल

सिखाई शिष्टाचार की पाठशाला

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने जिला प्रशासन के अफसरों की गैर मौजूदगी पर सवाल उठाते कहा की मंत्री की आने जानें रुकने का प्रोटोकॉल प्रशासनिक अफसरों द्वारा तैयार की जाती है। प्रदेश सरकार के मंत्री के कार्यक्रम में अफसरों को शिष्टाचार के रुप में मुलाकात किया जाना चाहिए।

ही नहीं उठता। इस दौरान छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत के साथ दोबारा सत्ता में आने का दावा किया। बता दें की प्रदेश के कद्दावर कांग्रेसी व मंत्री के दौरे को लेकर राजनीतिक गलियारों में कांकेर अंतागढ़, भानूप्रतापपुर विधानसभा के विधायकों की गैर मौजूदगी की जमकर चर्चा होती रही। स्वास्थ्य मंत्री के कार्यक्रम के दौरान तीनों विस के विधायक सहित कार्यकर्ता नदारद रहे। जिसकी चर्चा होती रही इस बीच खुद मंत्री ने पत्रकारों को बताया की किसी कारणवश अपने विधानसभा में व्यस्त होने के कारण नहीं पहुंचने की बात कहकर टाल दी।

फंदे पर लटकता दंपति, बेड पर दो बच्चों के शव, जांच में जुटी पुलिस

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक ही परिवार के 4 लोगों की लाशें मिली हैं। लॉज के कमरे में जहां पति-पत्नी का शव फंदे पर लटका मिला, तो दूसरी ओर 2 बच्चों की लाश पलंग पर पड़ी थी। इस मामले का पता तब चल पाया है। जब काफी देर तक परिवार के लोगों ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला था। इसके बाद संचालक ने पुलिस को सूचना दी थी, तब सभी के लाश कमरे के अंदर मिले हैं। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। साथ ही पुलिस ने बच्चो की मौत के खुलासे के लिए पीएम के दौरान बिसरा पिजर्व करने के लिए कहा है जिसे जांच के लिए लैब भेजेंगे।

पहले बच्चों को मारा फिर दोनों झूले फंदे पर

अंदर जितेंद्र और सविता की लाश फंदे पर लटकी थी। वहीं दोनों बच्चों का शव पलंग पर पड़ा था। ऐसे में आशंका है कि पहले पति पत्नी ने बच्चों को जहर देकर मारा होगा। इसके बाद दोनों ने फांसी लगा ली है। अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि इन्होंने ऐसा कदम क्यों उठाया है। प्रथम दृष्यता मे मामला आत्महत्या का ही लग रहा है। बच्चों की उम्र 3 से 5 साल के बीच बताई जा रही है। वहीं पति पत्नी की उम्र 38 से 45 के बीच बताई जा रही है।

बच्चों के शव पलंग पर मिले

रायपुर के रहने वाले जितेंद्र देवांगन अपनी पत्नी सविता देवांगन और 2 बच्चे गुनगुन, टुकटुक के साथ शहर के बस स्टैंड स्थित बस्तर लॉज में आकर बुधवार से ही रुके थे। बताया जा रहा है कि उस दिन से लेकर गुरुवार शाम होने के बाद भी जब कमरे के दरवाजा नहीं खुला था, तब संचालक को शक हुआ। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोला, उसके बाद जो नजारा देखा उसे देख सभी लोग हैरान रह गए।

पति-पत्नी का हाथ पीछे से बंधा हुआ मिला

यहां पर जो बात पुलिस को खटक रही है वह है कि पति-पत्नी का हाथ पीछे से बंधा हुआ मिला है। फिलहाल गुरुवार रात को ही सभी के शव को बरामद कर पीएम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने रायपुर में इनके परिवार को घटनाक्रम की जानकारी दे दी है। अब शुक्रवार को शव को पीएम किया जाएगा। मामले में जांच जारी है।

बुध से शुक्रवार तक लॉज में बंद रहा परिवार

जानकारी मिली है कि बुधवार शाम को 6.30 बजे परिवार लॉज पहुंचा था। इसके बाद रात को 9 बजे कमरे में जाते दिखा था। फिर कमरे का दरवाजा अगले दिन गुरुवार तक नहीं खुला है। पुलिस ने बताया है कि इन्होंने जानकारी दी थी कि ये लोग जगदलपुर जा रहे थे। मगर रात होने के कारण कांकेर में ही रुक गए। परिवार बाइक से ही कांकेर पहुंचा था। पुलिस ने यह भी बताया है कि जितेंद्र देवांगन रायपुर के रायपुरा इलाके में छोटी से किराना दुकान चलाता था।

बढ़ता कर्ज बना मौत का कारण

मिली जानकारी के अनुसार परिजनों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि आत्मघाती कदम उठाने वाले मृतक जितेंद्र देवांगन कर्ज में डूबा था। मृतक जितेंद्र देवांगन साल 2021 में लॉकडाउन के दौरान नौकरी चली गईं थी। नौकरी जाने के बाद भी अपने ही घर मे सुसाइड अटेम्प्ट कर चुका था। उसके बाद उसने दूध का बिजनेस शुरू किया था जो सही नही चल पाया जिससे वह और ज्यादा परेशान था। मृतक जितेंद्र देवांगन अपनी मां से बच्चो के साथ धमतरी घूमने जाने का कहकर निकला था। देर शाम तक परिजनों ने कई काल लगाये लेकिन किसी का कॉल पिक नही कर रहा था। मृतक लॉक डाउन के पहले कलर्स मॉल की किसी कपड़े की दुकान में सेल्समेन का काम करता था।

शहर को चाहिए 4 आत्मानंद स्कूल : वोरा

■ **मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान बोरसी स्कूल के उन्नयन को मिली सहमति**

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रारंभ करने के मामले में वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से चर्चा कर आबादी एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्रति जनता के रुझान को देखते हुए तीन और आत्मानंद स्कूल खोलने की मांग की है। एक साल पहले जिला प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में हुई बैठक में दुर्ग में दो स्कूलों को स्वामी आत्मानंद स्कूल के रूप में अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब तक केवल दीपक नगर स्कूल को ही स्वामी आत्मानंद स्कूल के रूप में अपग्रेड किया गया है। तकिया पारा स्कूल को अपग्रेड करने का मामला लटका है।

वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने पटरीपार के सिकोलाभाठा स्कूल, बोरसी के शासकीय स्कूल और नयापारा के चंद्रशेखर आजाद स्कूल में स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने की मांग की। हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नए सत्र से प्रदेश में 50 नए स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने का ऐलान किया है। सीएम के इस आदेश के आधार पर जिला प्रशासन ने बोरसी में स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। दूसरी ओर, साल भर पहले स्वीकृत दो स्वामी आत्मानंद स्कूलों में से एक स्कूल का प्रस्ताव नागरिक सहमति नहीं बन

पाने के कारण रुक गया है प्रशासन से चर्चा के दौरान बीच मे चंद्रशेखर स्कूल नया पारा का उन्नयन करने पर सहमति बनी थी किन्तु अब तक क्रियान्वयन नहीं हो सका है। विधायक अरुण वोरा का कहना है कि दीपक नगर स्कूल के अलावा चंद्रशेखर आजाद स्कूल, पटरीपार के सिकोला भाठा शासकीय स्कूल और बोरसी स्कूल को स्वामी आत्मानंद स्कूल के रूप में अपग्रेड करने की मांग लगातार की जा रही है। बोरसी में स्वामी आत्मानंद स्कूल की स्वीकृति से यहां के नागरिकों और उनके बच्चों को स्कूल का फायदा मिलेगा। पटरीपार में एक लाख की आबादी के लिए भी स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलना जरूरी है।

वोरा ने प्रशासनिक अफसरों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि दीपक नगर और बोरसी के स्कूलों के साथ ही पटरीपार के सिकोलाभाठा स्कूल और चंद्रशेखर आजाद स्कूल को स्वामी आत्मानंद स्कूल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव शासन को भेजें और इसके लिए जरूरी कार्रवाई तत्काल करें। वोरा ने कहा कि बड़ी तादाद में शहर के नागरिक इंग्लिश मीडियम स्कूल की मांग कर रहे हैं। जनभावनाओं के अनुरूप प्रशासनिक अधिकारी तत्काल सजग होकर आवश्यक कार्रवाई करें।

टैंकर मुक्ति की ओर दुर्ग, सिर्फ 6 पाइंटों पर हो रही टैंकरों से जलापूर्ति

3 साल में बदल गए हालात, घर-घर मिल रहा भरपूर पानी

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण करने कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे सुबह पानी खुलने के समय गयानगर, शंकर नगर और करहीडीह पहुंचे। बरसों तक करहीडीह के लोग हैंडपंप पर पेयजल के लिए आश्रित थे। गर्मी में यहां समस्या काफी गंभीर हो जाती थी। पहली बार अमृत मिशन के माध्यम से लोगों के घरों में पानी पहुंचा है।

लोगों ने कलेक्टर से कहा कि गर्मी का समय हमारे लिए सबसे मुश्किल वक्त होता था। इस बार हमारे क्षेत्र में नल कनेक्शन आ गया। पानी की समस्या दूर हुई। इस बार हमारी गर्मी सुकून से गुजर रही है। आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि तीन साल पहले दुर्ग शहर में मई महीने में 61 टैंकर चलते थे, अब केवल छह टैंकरों की जरूरत होती है। कलेक्टर ने तीनों ही जगहों में लोगों से पानी के प्रेशर के बारे में भी पूछा। वार्डवासियों ने बताया कि पानी अच्छे प्रेशर से आ रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने देखा कि कुछ जगहों पर पानी व्यर्थ बह रहा था। इस पर कलेक्टर ने लोगों से कहा कि पानी बहुत मूल्यवान वस्तु है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि यह देखें कि इसका उचित उपयोग हो सके। यदि सही तरीके से उपयोग किया जाए तो सबकी जरूरतों के हिसाब से पर्याप्त पानी है। खुले नलों में उन्होंने टोंटी लगाने के निर्देश भी दिये।

कलेक्टर ने दुरूस्त करने दिए निर्देश

इस दौरान एक-दो घरों में प्रेशर की दिक्कत का मामला सामने आया। इस पर तकनीकी परीक्षण कर इसे दुरूस्त कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दोनों वक्त नल खुलने के समय मानिटरिंग के लिए मौजूद रहें। किसी घर में यदि नल कनेक्शन में जलापूर्ति में कुछ समस्या आ रही है अथवा प्रेशर की कमी है तो इसे तुरंत ठीक करने की कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि स्वच्छ और जरूरत के मुताबिक पर्याप्त मात्रा में पेयजल सभी घरों के लिए होना चाहिए। हर दिन इस उद्देश्य को लेकर मानिटरिंग करते रहें। सभी को पर्याप्त मात्रा में पानी मिले, इसके लिए सुनिश्चित करना होगा कि पानी का अपव्यय किसी घर में न हो, इस पर लगातार नजर रखें। आयुक्त ने पूरे शहर में जलापूर्ति की स्थिति के बारे में कलेक्टर को जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि पेयजल आपूर्ति के साथ ही पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति भी आवश्यक है। इसके लिए प्रेशर पर नजर रखनी जरूरी है। विशेषकर टेल एरिया में यह सुनिश्चित करें कि पानी की किसी तरह की दिक्कत न हो। इसके लिए पर्याप्त मानिटरिंग करना जरूरी है साथ ही तकनीकी दिक्कतों को दूर करना भी जरूरी है। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद लीना देवांगन और नरेंद्र बंजारे भी उपस्थित थे।

ट्रक और बस में आमने-सामने भिड़ंत, ड्रायवर की मौत, 1 बच्चे सहित 6 गंभीर

नगरी/नवप्रदेश। रायपुर-धमतरी मार्ग पर ट्रक और बस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं एक की मौत और छह लोग इस हादसे में गंभीर बताये जा रहे। जानकारी के मुताबिक घटना राखी थाना क्षेत्र की है। शुक्रवार दोपहर रायपुर से एक 30 सवारियों को लेकर एक बस धमतरी के लिए निकली थी।

इस दौरान धमतरी की ओर से आ रही ट्रक से आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बस के पीछे चल रही कार के भी परखच्चे उड़ गए और इस घटना में कार सवार ड्रायवर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का नाम श्रीजन अग्रवाल 33 वर्ष था। वहीं इस हादसे में एक बच्चे सहित छह लोगों को गंभीर चोट लगी है, जिन्हें उपचार के लिए अभनपुर के अलग अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

काम में लापरवाही, सुपरवाइजर सस्पेंड

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया द्वारा शुक्रवार को बस्तर जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना लोहाण्डीगुड़ा के सेक्टर बड़ॉजी के सिरहापारा आंगनबाड़ी केन्द्र के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान लापरवाही पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सेक्टर पर्यवेक्षक पार्वती शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेवाओं का लाभ हितग्राहियों को प्रदाय किया जाना नहीं पाया गया। पार्वती शर्मा द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण नहीं करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उचित मार्गदर्शन प्रदान नहीं करने और अपने दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने पर सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत उक्त कार्रवाई की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के नया रायपुर स्थित संचालनालय से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। निलंबन अवधि में शर्मा का मुख्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, जिला बस्तर रहेगा।

पिता की हत्या करने वाला पुत्र गिरफ्तार

राजनांदगांव। थाना मोहला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम परसुटोला में पुत्र द्वारा पिता की हत्या की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानपुर पुपलेश कुमार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी

अंबागढ़ चौकी अर्जुन कुर्रे के मार्ग दर्शन में विवेचना कार्यवाही किया गया। ग्राम परसुटोला निवासी मनोहर चनापे आये दिन शराब का सेवन कर अपने पुत्र एवं पत्नि को गंदी-गंदी गालियां देता था, जिससे घर वाले परेशान थे। आये दिन अपने पुत्र ज्ञानिक चनापे से वाद विवाद, लड़ाई-झगड़ा करते रहता था। 3 मई 2022 को मनोहर सिंह चनापे, अपने पुत्र ज्ञानिक चनापे के साथ दोपहर 2 बजे खाना खाने बैठे थे। मनोहर सिंह शराब का सेवन कर, अपने पुत्र से वाद-विवाद कर गालिया देने लगा एवं खाने को लात से मार दिया, जिससे उसका पुत्र ज्ञानिक चनापे गुस्सा होकर अपने पिता को हाथ मुक्का, लात-धुंसा एवं डड़ा से, सिर माथा व गले पर मारपीट कर हत्या कर दिया। जिस पर थाना मोहला के अपराध क्रमांक 65/2022 धारा 302 भादंवि के आरोपी ज्ञानिक चनापे पिता मनोहर चनापे उम्र 24 साल निवासी ग्राम परसुटोला थाना मोहला जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक कमलेश बंजारे के नेतृत्व में सउनि ऋषभ ठाकुर, दिलीप ध्रुर्वे, प्रधान आरक्षक गौतम भुआर्य, आरक्षक पलेश्वर सिदारए हमिद यादव, भरत मंडावी, शत्रुघन कोवाची का विशेष योगदान रहा।

विधायक अरुण वोरा के बाद कलेक्टर ने किया पानी सप्लाई व्यवस्था का निरीक्षण

■ **अफसरों को फील्ड में रहने दिए निर्देश**

दुर्ग। शहर में पेयजल व्यवस्था को लेकर बुधवार को भाजपा पार्षदो के प्रदर्शन के बाद विधायक ने सुबह 6 बजे से वार्डो में पानी सप्लाई व्यवस्था का जायजा लिया था। आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने सुबह नल खुलने के समय गयानगर, शंकरनगर और करहीडीह में लोगों से मुलाकात की। वर्षो तक करहीडीह के लोग पेयजल के लिए हैंडपम्प पर आश्रित थे, गर्मी में यहां समस्या काफी गंभीर होती थी। पहली बार अमृत मिशन के माध्यम से लोगों के घरों में पानी पहुंचा है। लोगों ने कलेक्टर से कहा कि गर्मी का समय हमारे लिए सबसे मुश्किल वक्त होता था। इस बार हमारे क्षेत्र में नल कनेक्शन मिलने से पानी की समस्या दूर हुई। निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि 3 साल पहले दुर्ग शहर में मई महीने में 61 टैंकर चलते थे, अब केवल 6 टैंकरो की जरुरत पड़ रही है। कलेक्टर ने तीनों जगहों में लोगों से पानी के प्रेशर के बारे में भी पूछा। वार्डवासियों ने बताया कि पानी अच्छे प्रेशर से आ रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने देखा कि कुछ जगहों पर पानी व्यर्थ बह रहा था। इस पर कलेक्टर ने लोगों से पानी का उचित उपयोग करने कहा। खुले नलों में टोटी लगाने के निर्देश भी दिए। एक दो घरों में प्रेशर की दिक्कत का पता चलने पर कलेक्टर ने व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों से कहा कि दोनों वक्त नल खुलने के समय मॉनिटरिंग के लिए मौजूद रहें। किसी घर में नल कनेक्शन में जलापूर्ति में कुछ समस्या आ रही है या प्रेशर की कमी है तो इसे तुरंत ठीक करें। स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में पेयजल सभी घरो के लिए होना चाहिए। हर दिन इसकी मॉनिटरिंग करते रहें। पानी का अपव्यय किसी घर में न होने पाए। इस पर लगातार नजर रखे। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद लीना देवांगन और नरेन्द्र बंजारे भी उपस्थित थे।